तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025


10 मुख्यमंत्री साय बोले- अब छत्तीसगढ़ में भी बनेंगी...


12 यूरिया की कमी एवं कालाबाजारी के विरोध...

# 25 वर्षों में सिर्फ 7 बार ही टेट ले सका व्यापम, फरवरी 2026 में अगली परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


## सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक व माध्यमिक कक्षाओं के शिक्षकों के लिए अनिवार्य किया टेट

हरिभूमि सरोकार

सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक व माध्यमिक कक्षा शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक, पहली से आठवीं कक्षा तक अध्यापन कार्य करने वाले ऐसे शिक्षक जिनकी सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष से अधिक का समय शेष है, उनके लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष अथवा इससे कम का समय शेष है, उनके लिए टेट अनिवार्य नहीं है, लेकिन ऐसे शिक्षकों को प्रमोशन से वंचित रहना पड़ेगा। टेट उत्तीर्ण करने के बाद ही इन्हें प्रमोशन की पात्रता होगी। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद शिक्षकों की चिंता बढ़ गई है। टेट उत्तीर्ण करने के अलावा एक अन्य चिंता सीमित अवसरों को लेकर है। छग राज्य स्थापना से लेकर अब तक सिर्फ 7 बार ही टेट का आयोजन किया जा सका है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा यह परीक्षा आयोजित की जाती रही है। व्यापम ने 2011, 2014, 2016, 2017, 2019, 2022 और 2024 में यह परीक्षा आयोजित की है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक अर्थात माध्यमिक कक्षा शिक्षक भर्ती के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाती रही है। कोरोना काल के बाद सिर्फ दो बार 18 सितंबर 2022 और 23 जून 2024 को टेट लिया जा सका है। व्यापम के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, अब टेट का आयोजन फरवरी 2026 में होगा।



- 2011, 2014, 2016, 2017, 2019, 2022 और 2024 में हुई है शिक्षक पात्रता परीक्षा
- व्यापम के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार अगले वर्ष फरवरी में प्रस्तावित है टेट



### इधर... 6 बार अवसर की मांग

सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय के अनुसार कार्यरत शिक्षकों को 2 वर्ष के भीतर शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। शिक्षकों ने मांग करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा है कि इन दो वर्षों में कम से कम 6 बार टेट का आयोजन होना चाहिए। अर्थात वर्ष में तीन बार टेट का आयोजन हो, ताकि उन्हें पर्याप्त मौके इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए मिल सके। अब तक टेट में व्यापम को 2 लाख के करीब आवेदन मिलते रहे हैं। इसकी अनिवार्यता के बाद व्यापम का अनुमान है कि उन्हें 6 से 7 लाख आवेदन मिल सकते हैं। बड़े स्तर पर परीक्षा के लिए व्यापम भी ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जनवरी से लिए जाएंगे आवेदन

व्यापम के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, फरवरी 2026 में टेट प्रस्तावित है। इसके लिए आवेदन दिसंबर अंत अथवा जनवरी से प्रारंभ होंगे।

- केदार पटेल, सह परीक्षा नियंत्रक, व्यापम

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

## खबर संक्षेप

### बच्ची से छेड़खानी पांच वर्ष कैद

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में छह वर्ष पूर्व 10 साल की बच्ची के साथ छेड़खानी करने के आरोपी को विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पांच वर्ष कैद तथा पांच सौ रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार कोर्ट ने असलम शरीफ उर्फ अच्छू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। असलम ने स्कूल से घर लौट रही बच्ची को उसके घर की कुछ दूरी पर रोका और उसके साथ अश्लील हरकत की। परिजनों तथा बच्ची के बयान के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है।

### हत्या की कोशिश आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक थाने की पुलिस ने हत्या की कोशिश करने के आरोप में भाठागांव निवासी अमित साहू उर्फ बाबा उर्फ सुमित विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना एक सितंबर रात की है, जब अमित गलत नीयत से बढ़ाईपारा मोहल्ले में घूम रहा था। मौके पर उपस्थित द्वारिका गुप्ता ने अमित से उसके मोहल्ले में अकारण घूमने की वजह पूछी, तो अमित, द्वारिका के साथ विवाद करने लगा और उसके पेट में कैंची से प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गया था।

## ड्रग कारोबार करने नव्या जिस मोबाइल का इस्तेमाल करती थी, वह पुलिस के हाथ लगा

# मेंबर बनाने भराए जाते थे ऑनलाइन फार्म
# दुबई, सिंगापुर की पार्टियों में शरीक रही नव्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हनी ट्रैप, ड्रग कॉकेटेल में पुलिस को रोज नई जानकारी मिल रही है। ड्रग रैकेट की अहम कड़ी नव्या मलिक ड्रग डील करने जिस मोबाइल का उपयोग करती थी, वह



पुलिस के हाथ लगा है। इसमें पुलिस को कई महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर मिले हैं। दूसरे मोबाइल में कई बड़े पुलिस अफसर, कारोबारी, नेता के बच्चों के मोबाइल नंबर मिले हैं। नव्या की गुरुवार को पुलिस रिमांड खत्म हो रही है। मिल रहे नए तथ्यों के आधार पर पुलिस नव्या की नए सिरे से पुलिस रिमांड बढ़ाने कोर्ट में आज आवेदन पेश कर सकती है। खबर है, नव्या ड्रग्स मुंबई दिल्ली में किससे और कैसे लाती थी, इसका पता नहीं लगा सकी है।

गिरफ्तारी के बाद से नव्या पुलिस को पूछताछ में किसी ▶▶| शेष पेज 11 पर

### एक अन्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हनी ट्रैप ड्रग रैकेट मामले में पुलिस द्वारा आयान के एक और दोस्त की गिरफातार करने की जानकारी मिली है। हालांकि पुलिस ने आयान के उस दोस्त के नाम का खुलासा नहीं किया है। पुलिस ने आयान के जिस दोस्त को गिरफ्तार किया है, आयान के साथ मिलकर उनके द्वारा नव्या के तीन अश्लील वीडियो बनाने की बात सामने आई है। आयान पहले से शादीशुदा है, बावजूद इसके उसके द्वारा नव्या पर शादी करने दबाव बनाने की जानकारी पुलिस को नव्या के माध्यम से मिली है। आयान ने लॉ की पढ़ाई की है। इसके बाद उसने जीएसटी कंसलटेंट के रूप में भी काम किया है।


ड्रग में भी हनी ट्रैप, इंटीरियर डिजाइनर मुंबई से गिरफ्तार

### मेंबर बनाने भरवाते थे ऑनलाइन फार्म

नव्या तथा उसके रैकेट द्वारा राजधानी में लंबे अरसे से ड्रग खपाने का काम किया जा रहा है। पूछताछ में नव्या ने पुलिस को बताया है कि ड्रग की आदत डलाने के बाद रैकेट जरूरतमंद लोगों को ड्रग देने एक निश्चित राशि ▶▶| शेष पेज 11 पर

### शिकार करने की जगह खुद फंस गई जाल में

नव्या मलिक हर्ष आहुजा की फ्रेंड होने के साथ मोतीनगर निवासी आयान परवेज की गर्ल फ्रेंड थी, जिसे पुलिस ने पिछले दिनों गिरफ्तार किया है। पुलिस को नव्या के आपत्तिजनक वीडियो मिलने की बात सामने आई है, जिसे पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए लैब में भेजा है। बताया जा रहा है, आयान वीडियो के आधार पर नव्या को ब्लैकमेल कर रहा था। आयान द्वारा नव्या को ब्लैकमेल करने की वजह नव्या के अकाउंट से आयान के अकाउंट में मोटी रकम ट्रांसफर होने की जानकारी पुलिस को मिली है।

### पुलिस पर बना रहे दबाव

*सूत्रों के मुताबिक पुलिस ड्रग रैकेट की कड़ी को जैसे-जैसे जोड़ते जा रही है, उससे रसूखदार लोगों को पुलिस पर अपने परिजनों का नाम हटाने दबाव बढ़ता जा रहा है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आयान, नव्या मिलकर ड्रग खपाने टैक्नो पार्टी के साथ आफ्टर पार्टी आयोजित करते थे।*

### पार्टी के दौरान शोएब से परिचय

*नव्या मलिक कटोरातलाब की रहने वाली है, लेकिन वह ज्यादातर समय मुंबई, दिल्ली में रहती थी। सूत्रों के मुताबिक नव्या बाहर से आने के बाद अपने घर जाने के बजाय ज्यादातर समय होटल वेलिंगटन में रहती थी। नव्या द्वारा होटल वेलिंगटन में टैक्नो पार्टी के साथ आफ्टर पार्टी देने की जानकारी पुलिस को मिली है। पार्टी के दौरान नव्या का शोएब से परिचय होने तथा उसे सुरक्षा प्रदान करने की जानकारी मिली है। इसके लिए पुलिस होटल के रजिस्टर तथा अन्य दस्तावेजों की जांच करेगी।*

## 8 को निकलेगी विसर्जन झांकी लाखे नगर चौक से महादेवघाट रिंग रोड तक रहेगा वन-वे ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में 8 सितंबर को गणेश विसर्जन की आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। इसे देखते हुए इस दिन शाम 7 से लाखेनगर चौक से महादेवघाट रिंग रोड तक वन वे ट्रैफिक रहेगा। गणेश प्रतिमाएं केवल विसर्जन कुंड में विसर्जित की जाएंगी। नदी में मूर्तियों का विसर्जन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। 6 सितंबर से रायपुरा के महादेवघाट के विसर्जन कुंड में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू होगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 6 से 12 सितंबर तक नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की शिफ्टवाइज ड्यूटी लगाई है।

- 6 सितम्बर से शुरू होगा महादेवघाट के विसर्जन कुंड में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

अनंत चतुर्दशी से खारुन नदी के किनारे महादेवघाट में निर्मित विसर्जन कुंड में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रारंभ हो जाएगा। विसर्जन झांकियां 8 तारीख को निकलेंगी। झांकियां शारदा चौक से प्रारंभ होंगी, जहां उन्हें नंबर दिया जाएगा। ये झांकियां शारदा चौक से जयस्तंभ चौक, कोतवाली ▶▶| शेष पेज 11 पर

### टीम का गठन

निगम आयुक्त विश्वदीप ने विसर्जन स्थल पर संपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था करने निगम अधिकारियों की एक समिति गठित कर दी है। इस समिति के नोडल अधिकारी अपर आयुक्त विनोद पांडे को बनाया गया है। समिति में प्रभारी अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, राजेश नायडू और प्रभारी नगर निवेशक आभाष मिश्रा,जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव, उपायुक्त स्वास्थ्य प्रीति सिंह, को शामिल किया गया है।

## ड्रग मामले में नाम कटवाने होटल कारोबारी से पांच लाख रुपए की डिमांड, फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के चर्चित हनी ट्रैप ड्रग रैकेट मामला में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर होटल कारोबारी को डर दिखाकर पांच लाख रुपए की वसूली करने की कोशिश करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने ईओडब्लू का फर्जी आईडी कार्ड के



साथ एक सायरन लगी कार जब्त की है। फर्जी पुलिसकर्मी बन कर उगाही करने के आरोप में आशीष शर्मा उर्फ अंडा उर्फ आशीष सिंह राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### पुलिस वालों को ट्रांसफर पोस्टिंग कराने का झांसा

नकली पुलिस बनकर होटल कारबारी को ठगी करने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, उसके द्वारा अलग-अलग थानों के सिपाही तथा टीआई को ट्रांसफर, पोस्टिंग के नाम पर ठगी करने की कोशिश करने की जानकारी मिली है। इसके अलावा ▶▶| शेष पेज 11 पर

## एटीएम कार्ड बदलकर 81 हजार की ठगी

**रायपुर।** कबीर नगर थाना में एक व्यक्ति ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ एटीएम बदलकर उसके अकाउंट से 81 हजार आहरण कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुशमेंद्र ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कुशमेंद्र ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार दोपहर वह एटीएम से नौ हजार रुपए निकालने गया था। रुपए निकालने के बाद वह एटीएम से बाहर निकल रहा था, इसी दौरान एक युवक कुशमेंद्र के पास पहुंचा और उसे एटीएम में उसकी पर्ची फंसे होने का झांसा दिया। पर्ची निकालने पुनः कार्ड को एटीएम में डालने कहा। इसी दौरान एक अन्य युवक एटीएम में पहुंचा और उसने अपने कार्ड की पर्ची एटीएम में फंसने की बात कह कर कुशमेंद्र को बातों में उलझा लिया और एटीएम बदल कर ठगी का शिकार बनाया।

## राजधानी को छोड़ बाकी क्षेत्रों में आधी रात जमकर बारिश, दिनभर सामान्य रहा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगल-बुधवार की दरम्यानी रात राजधानी को छोड़कर आसपास के इलाकों में अच्छी बारिश हुई। शहर में वर्षा बूंदाबांदी तक सीमित रही और माना में बादल 56 मिमी. तक बरस पड़े। सिस्टम के कमजोर होने पर अब बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। बुधवार को दिनभर मौसम अपनी सामान्य स्थिति में रहा। बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम ओडिशा होकर उत्तर छत्तीसगढ़ और फिर

### वर्षा की गतिविधि में कमी आने के आसार क्योंकि सिस्टम होने लगा कमजोर

झारखंड की ओर आने बढ़ने की संभावना है। इसकी वजह से प्रदेश में तीन दिन से चल रही बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में इस सिस्टम का प्रभाव रायपुर जिले में भी नजर आया। राजधानी में हल्की-फुल्की बारिश होती रही, मगर आसपास के इलाकों में जोरदार पानी गिरा। मौसम विभाग के आंकड़ों के ▶▶| शेष पेज 11 पर

## 10 सूत्रीय मांग पर 18 अगस्त से चल रही हड़ताल

# स्वास्थ्य विभाग एक्शन में एनएचएम के 25 अधिकारी कर्मचारियों की सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मांगों पर हुए निर्णय और काम पर वापस आने के नोटिस के बाद भी हड़ताल पर डटे एनएचएम के अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय एक्शन शुरू हो गया है। इसके तहत आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हेमंत सिन्हा सहित 25 लोगों की सेवा समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। तमाम सीएमएचओ को अपने-अपने जिले में इस तरह की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 18 अगस्त से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है। इसके पूर्व 13 अगस्त को आयोजित विभागीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में प्रस्तुत 10 मांगों में से 5 मांगों पर सहमति व्यक्त कर आवश्यक आदेश जारी किए जा चुके थे, जबकि शेष मांगों पर शासन स्तर पर विचार-विमर्श जारी था। हड़ताल के दौरान विभिन्न स्तरों से बार-बार नोटिस जारी कर कर्मचारियों को कार्य पर लौटने के लिए कहा गया। इसके बावजूद अधिकारी एवं कर्मचारी काम पर नहीं लौटे, जिससे अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हुईं और मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 29 अगस्त को सचिव, स्वास्थ्य अमित कटारिया ने एक आदेश जारी कर सभी को काम पर लौटने के निर्देश दिए थे। आदेश का पालन न करने की स्थिति में उन्हें सेवा से पृथक किए जाने का उल्लेख भी आदेश में निहित था। इस आदेश को भी हड़ताली कर्मचारियों ने नकार दिया। लोकहित को दरकिनार कर की गई यह हड़ताल नियम विरुद्ध आचरण की श्रेणी में आती है और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावित करने वाली रही है। इसका तर्क देते हुए आंदोलनरत 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। साथ ही, शेष प्रकरणों पर भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**नोटिस के बाद भी काम पर नहीं आए, एक्शन शुरू**



# मुख्यमंत्री साय बोले- अब छत्तीसगढ़ में भी बनेंगी जापान-कोरिया जैसी बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मुख्यमंत्री ने किया पॉवर कंपनियों के नए भवन का शिलान्यास

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, अब छत्तीसगढ़ में भी सरकारी इमारतें जापान और कोरिया देशों की बिल्डिंग जैसी बनेंगी, जिसमें सभी सुविधाएं होंगी और पूरी तरह ग्रीन एनर्जी पर आधारित होंगी। ये बिल्डिंग अपने उपयोग के लिए सूर्य की रोशनी से स्वयं बिजली पैदा करेंगी।

मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर 24 में पॉवर कंपनी के नए मुख्यालय भवन की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने समारोह में नए भवन का आर्किटेक्चर और डिजाइन देखकर कहा, मैं पिछले सप्ताह जापान और कोरिया गया था, वहां जैसी इमारतें हैं, पॉवर कंपनी की प्रस्तावित नई बिल्डिंग भी उसी तरह दिखाई दे रही है। आने वाले समय में यहां भी वैसी ही इमारतें दिखाई देंगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य और विद्युत कंपनियों के रजत जयंती वर्ष की बधाई दी। नवा रायपुर में मंत्रालय सहित सभी विभागों के कार्यालय संचालित हैं, इसलिए उत्पादन, पारेषण और वितरण कंपनियों का मुख्यालय नई डिजाइन के साथ यहां बनाया जा रहा है। उन्होंने इंजीनियरों से कहा, वे गुणवत्ता और समय का ध्यान रखते हुए इसका निर्माण पूरा करवाएं। ताकि यह प्रदेश के विकास का प्रतीक बने और दूसरे विभाग भी इसी तरह की इमारतें बनवाए, जिसमें ग्रीन एनर्जी का उपयोग हो।

## 217 करोड़ की लागत से बनेगा नौ मंजिला हरित भवन

### छग पूरे देश बिजली देने में सफल होगा

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान जीरो पॉवर कट स्टेट के रूप में है, इसे बनाए रखने के लिए हमने वृहद कार्ययोजना बनाई है। उन पर अमल करना शुरू कर दिया है। 32 हजार मेगावॉट बिजली पैदा करने के लिए एमओयू किया है। इसमें थर्मल पॉवर, सोलर पॉवर और पंप स्टोरेज हाइडल पॉवर प्लांट शामिल हैं। भविष्य में छत्तीसगढ़ पूरे देश को बिजली देने में सफल होगा।



*ये थे उपस्थित : इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी, पुरन्दर मिश्रा, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव व ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष सुबोध सिंह, क्रेडा के अध्यक्ष राजेश कुमार राणा, उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला, वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर एवं निदेशक आरए पाठक विशेष रूप से उपस्थित थे।*

### *जनता की उम्मीदों को पूरा करेगा- बृजमोहन*

*सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पॉवर कंपनी का नया भवन जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए और अधिक लगन के साथ कार्य का वातावरण प्रदान करेगा। छत्तीसगढ़ पॉवर सरप्लस स्टेट है, यही इसका बड़ा आधार हमारे यहां मौजूद खनिज कोयला है। अब हमें ग्रीन एनर्जी की ओर बढ़ना होगा। इस भवन में 1200 किलोवॉट बिजली सोलर प्लांट के जरिए पैदा होगी। यह भवन ऊर्जा संरक्षण बिल्डिंग के रूप में पहचान स्थापित करेगा।*

### *बिजली पहुंचने से विकास के रास्ते खुले- केदार*

*कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की कर रहा है। यह दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा, मैं बस्तर जैसे सूदूर वनांचल क्षेत्र से आता हूं, पहले गांवों में बिजली खंभा लगवाने तक के लिए अर्जियां आती थीं। अब हर गांव में बिजली पहुंचने से सबके विकास के रास्ते खुल गए हैं।*

### एक मॉडल के रूप में तैयार की जा रही

इस अवसर पर पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कहा, पॉवर कंपनी के जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का संयुक्त मुख्यालय यहां होगा, जिससे बेहतर समन्वय के साथ प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के कार्य को संचालित किया जाएगा। यह नई बिल्डिंग 217 करोड़ की लागत से बनाई जा रही है। इसे तीन साल में पूरा कर लिया जाएगा। भवन की खास बात यह होगी कि इसमें चारों ओर लगे कांच के आवरण से बिजली पैदा होगी। इस कांच में एक पतली फिल्म लगी होगी, जिसे बिल्डिंग फोटो इंटीग्रेटेड फिल्म कहा जाता है, सूरज की रोशनी से यह बिजली पैदा करती है। उन्होंने कहा कि यह बिल्डिंग एक मॉडल के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो शत-प्रतिशत सौर ऊर्जा पर आधारित हो।

## खबर संक्षेप

### भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका



**रायपुर।** भाजपा मंडल भनपुरी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को राहुल गांधी का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन राहुल गांधी द्वारा हाल ही में प्रधानमंत्री की माता को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस दौरान कांग्रेस नेता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ऐसे बयानों को असंसदीय व असम्मानजनक बताया। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां का अपमान देश की जनता का अपमान है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा भनपुरी मंडल केअध्यक्ष मनोज जोशी, कमलेश शर्मा, संतोष तिवारी, विकाश मिश्रा, मनोज त्रिपाठी, पंकज सिंह, इरशाद अली, धर्मेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### ईद मिलादुन्नबी का अवकाश 5 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ईद मिलादुन्नबी का अवकाश 6 तारीख को घोषित किया गया है। इससे पहले सरकार की एक अधिसूचना में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश की सूची में ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) के लिए 6 सितम्बर दिन-शनिवार को अवकाश घोषित किया गया था। अब राज्य सरकार ने 6 सितंबर दिन-शनिवार को घोषित सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश को निरस्त करते हुए, 5 सितंबर दिन-शुक्रवार को ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर घोषित ऐच्छिक अवकाश यथावत रहेगा।

### उच्च शिक्षा की समीक्षा आज

**रायपुर।** उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा बैठक 4 सितम्बर को मंत्रालय में लेंगे। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री वर्मा विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक के दौरान उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों एवं प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। वे समस्त विश्विद्यालय के कुलपति से विभिन्न मुद्दों और विभागीय कार्यों पर चर्चा करेंगे।

## उपाध्यक्ष ने कहा- सात दिन में सुधरी नहीं तो धरना देंगे

# सामान्य सभा में डूंडा से सेजबहार तक खराब सड़क का मुद्दा गरमाया

- सड़क निर्माण के दौरान ठेका एजेंसी ने नहीं लगाई स्ट्रीट लाइट, अनियमितता की होगी जांच
- जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने जांच के लिए गठित की समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में बुधवार को राजधानी रायपुर से लगे पुराना धमतरी मार्ग पर ग्राम डूंडा से लेकर सेजबहार तक सड़क निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट में की गई अनियमितता का मुद्दा जोरशोर से गरमाया। जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि इस मार्ग की सड़क जगह-जगह से धंसकर खराब हो गई है। वहीं सड़क निर्माण के दौरान यहां स्ट्रीट लाइटें भी नहीं लगाई गई हैं, जिससे अक्सर यहां रात के अंधेरे में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जानें जा रही हैं। उन्होंने इन दोनों मामले में अनियमितता का आरोप लगाकर जांच की मांग की। साथ ही यह घोषणा भी की कि अगर सात दिनों के भीतर सड़क-पुल की मरम्मत नहीं की गई, तो वे स्वयं उस मार्ग पर बैठकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इधर जिला पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने जनहित से जुड़े इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए पीडब्ल्यूडी अफसरों को सात दिन के अंदर सड़क एवं पुल की मरम्मत करने के निर्देश दिए। साथ ही स्ट्रीट लाइट नहीं लगाने के मामले में जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में हुई इस बैठक में जैसे ही पीडब्ल्यूडी विभाग के एजेंडे पर चर्चा शुरू हुई, उसी समय उपाध्यक्ष संदीप यदु ने एक माह पूर्व हुई बैठक में डूंडा-सेजबहार तक खराब सड़क, क्षतिग्रस्त पुल एवं स्ट्रीट लाइट नहीं लगाए जाने संबंधित किए गए प्रश्न का जवाब मांगा। इस पर इस क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसर ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत कर दी गई है तथा एडीबी लोन-3 अंतर्गत टिकरापारा सेजबहार, सेमरा, भखारा, धमतरी मार्ग पैकेज क्रमांक-1 का कार्य पहले पूर्ण हो चुका है। लोन परियोजना के अंतर्गत स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रावधान नहीं है। इस पर उपाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी मार्ग पर नई सड़क का निर्माण के लिए टेंडर निकाला जाता है, तो निर्माण एजेंसी को सड़क के साथ लाइट लगाने का भी ठेका दिया जाता है, लेकिन इस मार्ग पर एजेंसी ने स्ट्रीट लाइट ही नहीं लगाई। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में इस सड़क निर्माण में अनियमितता की गई है। इसकी जिला पंचायत समिति के माध्यम से जांच होनी चाहिए।



### पीएचई अफसर फिर घिरे

सदस्यों ने कहा- जल जीवन मिशन में लाखों-करोड़ों खर्च किए पर पानी नहीं दे पाए। सामान्य सभा में एक बार फिर जल जीवन मिशन योजना के मुद्दे पर पीएचई विभाग के अफसर अनिल बच्चन को पंचायत सदस्यों ने घेरा। उपाध्यक्ष संदीप यदु ने कहा कि इस योजना के तहत अनेकों ठेकेदारों ने कार्य अधूरे छोड़ दिए हैं, जिसे अब तक ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। वहीं वतन चंद्राकर, यशवंत साहू सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि इस योजना के तहत ग्रामों में लाखों-करोड़ों खर्च कर पाइप लाइन बिछाने, टंकी का निर्माण, बोर खनन, घर-घर नल कनेक्शन लगाए गए हैं। इसके बाद भी अनेकों गांव में इस योजना के तहत लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

### *कोलर तक यही स्थिति अफसरों ने माना भारी वाहन के कारण खराब हो रही सड़क*

*बैठक में जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने उपाध्यक्ष द्वारा उठाए मुद्दे का समर्थन करते हुए कहा कि पुराना धमतरी मार्ग पर भारी वाहन का दबाव बढ़ा है, जिसके कारण ग्राम कोलर एवं उससे आगे तक सड़क खराब गई है। पीडब्ल्यूडी के अफसर ने भी माना कि इस मार्ग पर अब भारी गाड़ियों का आवागमन बढ़ा है, जिससे सड़क खराब हो रही है।*

### *भारतमाला प्रोजेक्ट में लगे भारी वाहन बिगाड़ रहे पीडब्ल्यूडी-पीएमजीएसवाय सड़क की सूरत*

*पीडब्ल्यूडी अफसर ने विभाग के बचाव में यह भी तर्क दिया कि भारत माला प्रोजेक्ट में लगे भारी वाहन के कारण पीडब्ल्यूडी एवं पीएमजीएसवाय सड़क ज्यादा खराब हो रही है, इसलिए अब जब भी जिला पंचायत की बैठक हो, तो भारतमाला प्रोजेक्ट के स्थानीय अफसरों को भी बुलाया जाए और उन्हें खराब सड़क को सुधारने के निर्देश दिए जाएं।*

## इसका फायदा उठा कर निजी अस्पताल लौटा रहे मरीजों को

# आयुष्मान कार्ड पैकेज की लिस्ट चस्पा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जिला पंचायत की सामान्य सभा में उठा मुद्दा

आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में इलाज नहीं किए जाने का मुद्दा जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में जोरशोर से उठा।

इस मुद्दे पर जिला पंचायत सदस्यों ने कहा कि जिले में जितने निजी अस्पताल हैं, वहां कहीं भी आयुष्मान कार्ड से मरीजों का इलाज नहीं किया जा रहा है। सदस्यों ने कहा कि ज्यादातर अस्पताल प्रबंधन आयुष्मान कार्ड का नाम सुनते ही मरीज को दूसरे अस्पताल जाने की सलाह देते हैं या फिर इलाज की राशि उन्हें वहन करने के लिए कहा जाता है। सदस्य वतन चंद्राकर ने यहां तक कहां कि कई बार लोगों को अस्पताल प्रबंधन से आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने के लिए विवाद एवं तमाशा तक करना पड़ रहा है।



### बैरंग लौटाने वाले अस्पतालों को नोटिस दिए जाने की उठी मांग

बैठक में सदस्य वतन चंद्राकर ने कहा कि जिले में 288 निजी अस्पताल हैं, लेकिन इनमें से एक में भी आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का शतप्रतिशत इलाज नहीं किया जा रहा है। मरीजों के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड से बहुत कम राशि काटे जाने की बात कही जाती है, जिसके कारण गरीब एवं मीडियम वर्ग के लोगों को शासकीय अस्पताल की ओर रूख करना पड़ता है। सदस्य यशवंत साहू ने भी कहा कि निजी अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का नियंत्रण नहीं है, इसलिए आयुष्मान योजना से संबंधित पैकेज लिस्ट तक लगाई नहीं गई है।

### एक माह के भीतर निजी अस्पतालों में पैकेज लिस्ट लगाने के निर्देश

सदस्यों की भावनाओं एवं भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति उठा सके, इसे देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी बैठक से पूर्व निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड पैकेज की लिस्ट लगवाई जाए, ताकि लोगों को भी पता चले कि इस योजना के तहत जिस बीमारी का इलाज कराने गए हैं, वहां उस बीमारी के इलाज का पैकेज है या नहीं।

# केंद्रीय मंत्री अठावले ने अपने मंत्रालय की योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में श्री अठावले ने विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन हितैषी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ बनाने तथा समाज के वंचित वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है।

उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति योजनाएं, कौशल विकास कार्यक्रम और स्वरोजगार सहायता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव तारण प्रकाश सिन्हा एवं आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, समाज कल्याण संचालक रोक्तिमा यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# जीएसटी सुधार आमजन और व्यापार जगत के लिए लाभकारी: चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जीएसटी काउंसिल में वित्तमंत्री चौधरी ने दी अहम राय



केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में बुधवार को नई दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक आयोजित हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। वित्तमंत्री श्री चौधरी ने बताया कि बैठक में जीएसटी प्रणाली में सुधार से जुड़े अनेक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सुधार आम नागरिकों को सहूलियत देंगे, व्यापार जगत को गति प्रदान करेंगे और देश की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। इस अवसर पर कहा कि जीएसटी सुधार केवल कर संरचना का सरलीकरण नहीं है, बल्कि यह इज ऑफ डूइंग बिज़नेस को मजबूत करने और राज्यों तथा देश की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने का भी माध्यम है।यह उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में व्यापक सुधारों का आह्वान किया था। आज आयोजित यह बैठक उस संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और ठोस कदम साबित हुई है। बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्रीगण, राजस्व विभाग के सचिव, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य तथा वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बस्तर में स्वास्थ्य व्यवस्था का विस्तार, केदार ने सीएम और स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- बस्तरवासियों को साय सरकार ने स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में दी बड़ी सौगात

बस्तर अंचल में स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में हो रहे विस्तार को लेकर मंत्रालय में चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच लाइसेंस समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा, यह अनुबंध प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत किया गया है। जिसका लाभ बस्तर के सुदूर अंचल में रहने वाले हमारे आदिवासी भाइयों बहनों को प्राप्त होगा। वनमंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया। उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा, स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए आज बहुत बड़ा निर्णय लिया है। अब बस्तर के लोगों को इलाज के लिये रायपुर, बिलासपुर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। किडनी, लिवर, न्यूरो सहित कई तरह के जटिल बिमारियों का इलाज आने वाले तीन महीनों में बस्तर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा, एक बड़ी सौगात मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की पहल से बस्तरवासियों को मिल रही है, जिसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा मनाएगी सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- हर स्थानीय निकाय में एक नमो पार्क को विकसित करेंगे : राधामोहन

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा, पार्टी आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा मना रही है। भारतीय जनता पार्टी के जो वैचारिक अधिष्ठान थे, एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिन 2 अक्टूबर को आता है। भाजपा ने इस 15 दिन के कार्यक्रम को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री के विचारों पर विश्वास रखने वाले उनके सभी समर्थक 17 सितम्बर को देशभर में रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगे। रक्तदान को लेकर विश्वभर में जो रिकॉर्ड होगा, हम उससे भी आगे बढ़ेंगे। 17 सितम्बर को हर जिले में और 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। 17 सितम्बर और 2 अक्टूबर को विशेष रूप से कुछ सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित करके स्वच्छता अभियान चलाएंगे। साथ ही देश के महानगरों में जहां भूमि उपलब्ध हो सके, वहां हम नमो वन की स्थापना करेंगे। हर स्थानीय निकाय में एक नमो पार्क को विकसित करेंगे। उन्होंने कहा, 17 से 24 सितंबर तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। सरकारी केंद्रों में तो लगाए ही जाएंगे, हम समाज के अन्य चिकित्सकों के सहयोग से अधिक से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेंगे।

### मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी



उन्होंने कहा, 17 सितंबर को हर जिले में एक संगोष्ठी का आयोजन करेंगे और प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व से आमंत्रित नागरिकों को अवगत कराएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रदर्शनी हर जिले में लगाई जाएगी। संगठन एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म तैयार करा रहा है, जिसे अधिक से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में दिखाने का प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री के जीवन पर लिखी गई सबसे अच्छी किताब को हम नागरिकों को शुल्क के आधार पर वितरित करने का कार्य करेंगे।

### 25 को देशभर में संगोष्टी का आयोजन

25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती को हम भाजपा के हर बूथ पर पहले से भी कार्यक्रम आयोजित करते थे, इस वर्ष भी करेंगे। साथ ही, देश के 1033 जगहों पर बड़ी नागरिक संगोष्ठियों का आयोजन करेंगे, जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और उनके विचारों को नागरिकों के बीच ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुछ और कार्यक्रम, जैसे बच्चों के लिए चित्रकला, दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरणों का वितरण करेंगे।

### सांसद बृजमोहन ने पुष्पा साहू का किया सम्मान



**रायपुर।** जिंदगी ना मिलेगा दोबारा संस्था द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हाल में मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पुष्पा साहू को उनके द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे एवं अन्य विशिष्ट जन शामिल हुए। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रीमती साहू को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पूसा नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2017 में इन्नोवेटिव फार्मर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें 20 से अधिक सम्मान विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रदान किया गया है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक / 202509116400003/अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025
ग्राम कान्दुल प.ह.नं. 83
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश साहू पिता बुधारु साहू निवासी मकान नंबर 107 वार्ड नंबर 09 ग्राम कान्दुल रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कान्दुल पटवारी हल्का नंबर 83, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 18, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 110/14, 173/9, 235/2, 236/9 रकबा क्रमशः 0.2020 हे., 0.1730 हे., 0.0220 हे., 0.0750 हे. भूमि कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 0.4720 हे. भूमि बुधारु साहू पिता समारु साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के भूमिस्वामी एवं आवेदक के पिता बुधारु साहू पिता समारु साहू का निधन दिनांक 26/04/2025 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसानो में भागो बाई साहू (पुत्री), राजो बाई साहू (पुत्री), कमल साहू (पुत्र), बसंती साहू (पुत्री), श्यामलाल साहू (पुत्र-मृत), सुरेश साहू (पुत्र) सभी पिता स्व. बुधारू राम साहू हैं। श्यामलाल साहू की मृत्यु दिनांक 18/07/2016 को हो गया है जिनके विधिक वारिसानों में हेमिन बाई साहू (पत्नी), खिलेश्वर साहू (पुत्र), गौतम साहू (पुत्र) ही है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर मृतक का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 18/09/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
प्रकरण क्रमांक 202508111000487/
ब-113(1) वर्ष 2024-25
क्रमांक/1012 /अ.वि.अ./पं.सा. न्या./2025
रायपुर दिनांक 29/08/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरुण श्रीवास्तव पिता स्व. श्री रमेश श्रीवास्तव, ट्रस्टी बाबा गोविंददास स्मृति चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्यास, निवासी शंकर मंदिर के पास, शताब्दी नगर, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा बाबा गोविंददास स्मृति चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्यास पता तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04 (2) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई सम्पत्ति को सार्वजनिक न्यास / पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करानें हेतु आवेदन प्रस्तुत किए है :-
**अनुसूचीः- (पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता और सम्पत्ति का विवरण)** (1) पब्लिक ट्रस्ट का नाम एवं पता - "बाबा गोविंददास स्मृति चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्यास" पता- तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.), **(2) चल सम्पत्ति** - राशि रूपये 13,000/- ( अक्षरी तेरह हजार रूपये), **(3) अचल सम्पत्ति** - निरंक

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में अभिरूचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियों प्रस्तुत करें और पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या अपने अधिवक्ता अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**(नंदकुमार चौबे)**
मुहर
**पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी के पंचदश अतिरिक्त न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.**
प्रकरण क्रमांक- 145/2023, प्रोसेस क्रमांक - 84/2025
पेशी दिनांक-22.09.2025
गोकुल प्रसाद साहू ..... वादी/अपीलार्थी
**विरूद्ध**
तुलसीराम वर्मा व अन्य .... प्रतिवादी/उत्तरवादीगण
**बनामः-**1 आत्मा राम चंद्राकर पिता नामालूम, निवासी- नेताजी सुभाष चंद बोस वार्ड शक्ति नगर शंकर नगर रायपुर, तहसील/जिला रायपुर छ.ग.

वादी/अपीलार्थी द्वारा वाद स्थायी निषेधाज्ञा हेतु वाद का मूल्यांकन रूपये 1000/- एक हजार मात्र वाद ग्रस्त भूमि का नजरी नक्शा खसरा नंबर 1317/1 रकबा 91. 44 वर्गमीटर स्थित मौजा शंकर नगर, भावना नगर प.ह.न. 63 रायपुर छ.ग. प्रस्तुत किया है।

अतः उत्तरवादीगण/निर्णितऋण को इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत पेशी दिनांक 22.09.2025 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं ।

उत्तरवादीगण/निर्णितऋणी/ प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोट- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 02 माह 09 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

**कु. प्रगति गुर्दे**
मुहर
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी के पंचदश अतिरिक्त न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.**

HEALTH TOWN
रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कंज्यूमर एडवोकेशी ग्रुप गठन से दूरसंचार उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

समर्पित संस्था का दूरसंचार उपभोक्ताओं के लिये जागरुकता कार्यक्रम बिलासपुर, सामाजिक संस्था समर्पित भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के सहयोग से उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सत्यनारायण अग्रवाल शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोहका नेवरा में किया गया।

मुख्य अतिथि के रुप में शा. सत्यनारायण अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य श्री डॉ एम एल वर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि दूरसंचार कंपनियों की आड में होने वाले फर्जीवाडा से बचने के उपायों सहित मोबाइल के माध्यम से केशलेस खरीदी के फायदे आदि की जानकारी दी गई समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ.संदीप शर्मा ने बताया कि टेलीकाम उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखते हुये भारत सरकार के भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने राष्ट्रीय स्तर पर एक कंज्यूमर एडवोकेशी ग्रुप का गठन किया है जो कि उपभोक्ताओं की दिक्कतों के निराकरण सहित इस दिशा में शिक्षा व जन-जागरुकता का संचार करेगी, इस ग्रुप में समर्पित संस्था को शामिल किया गया है और इसी के तहत समर्पित संस्था द्वारा यह जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

## दूरसंचार उपभोक्ताओं के लिये कोहका महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम हुआ



### ग्रामीण दूरसंचार कंपनियों से ज्यादा त्रस्त

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में ग्रामीण उपभोक्ता दूरसंचार कंपनियों से ज्यादा त्रस्त है और इन कंपनियों द्वारा उनके अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुये समर्पित संस्था के कार्यकर्ता ग्रामीण अंचलों में उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से इस विषय शिक्षा व जागरुकता का संचार कर रहें। बैठकों के माध्यम से ग्रामीण उपभोक्ताओं को उनके अधिकार, उनके हितार्थ दूरसंचार की योजनायें, दूरसंचार कंपनियों के प्रलोभन वाले आफ़रो यथार्थ, दूरसंचार कंपनियों की आड में होने वाले फर्जीवाडा से बचने के उपायों सहित मोबाइल के माध्यम से केशलेस खरीदी के फायदे, साथ ही विशेष रुपये से साइबर हाइजीन के विषय में जानकारी दी गई। समर्पित संस्था से मास्टर ट्रेनर श्री हितेश मिश्रा व नसीम श्रीवास ने बताया कि संस्था द्वारा विभिन्न दूरसंचार कंपनियों के माध्यम से कंज्यूमर आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन करवाकर उपभोक्ताओं की हर शंका का समाधान भी करवाया जाता है।

## खबर संक्षेप



### शराब पीकर वाहन चलाने पर 20 हजार का अर्थदंड

**तिल्दा नेवरा।** वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन एवं शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश पर तिल्दा खरोरा मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 06एम 1451 के चालक द्वारा शराब सेवन कर अपने उक्त वाहन को चलाते मिलने पर वाहन चालक के विरुद्ध धारा 185 MV एक्ट के तहत चालान किया गया , जिस पर तिल्दा व्यवहार न्यायालय न्यायाधीश श्री भावेश कुमार वट्टी ने तिल्दा नेवरा ने मंगलवार को चालक को सख्त हिदायत देकर 20000 के अर्थदंड से दण्डित किया।

### यथार्थ को बाक्सिंग में मिला स्वर्ण पदक

**अभनपुर।** आयोजित राष्ट्रीय स्तर की किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में



लिए यथार्थ द्विवेदी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के आधार पर लिए द्विवेदी का चयन अब आबू धाबी में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है।बताया गया कि यथार्थ द्विवेदी ने नवा रायपुर सेक्टर-27 स्थित एम-बी किक बॉक्सिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर यह सफलता अर्जित की है। उनके चयन से कोच आर्यन सिंह, वरुण बाग सहित परिजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

### 700 ग्राम गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशानिर्देश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम के नेतृत्व मे मुखबीर की सूचना पर ग्राम खोरपा मे 700 ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ मानसिंग साहू पिता स्व बिसरू राम साहू को गिरफ्तार किया गया है,मिली जानकारी अनुसार आरोपी लंबे समय से गांजा बेच रहा था,बड़े तस्कर गांव के कोचियो को उनके घर पहुंचाकर गांजा उपलब्ध करा रहे है,नगरीय क्षेत्र के एक बड़ा गांजा तस्कर गिरफ्तारी के बाद अब लोग अभनपुर क्षेत्र के आसपास के गांवो मे पैठ जमाना शुरू कर दिये है।

### स्कूल व आंबा में जन्मदिन मनाने किया प्रोत्साहित

**कूंरा।** रायपुर जिला प्रशासन की पहल प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां के तहत जिला रायपुर में विभिन्न विभागों में कार्यरत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जन्मदिन आंगनबाड़ी या स्कूल में बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास परियोजना धरसीवां 02, जिला रायपुर में कार्यरत पर्यवेक्षक कुमारी सुधा साहू एवं कंप्यूटर ऑपरेटर श्री व्यास नारायण साहू का ग्राम पंचायत तिवरैया के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को खीर-पूरी सब्जी, केला एवं चॉकलेट बाटकर अपना जन्मदिन मनाया ।

## सरकार का लक्ष्य दिव्यांगों को समाज की मुख्यधार से जोड़ना और योजनाओं का लाभ दिलाना है : विधायक

# दिव्यांग चिन्हांकन शिविर में 1100 पंजीकृत, 45 को मिला प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/सिलयारी

धरसींवा के मंगल भवन में आयोजित एक विशाल चिन्हांकन शिविर में क्षेत्र के दिव्यांगों और वृद्धजनों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास किया गया. इस शिविर में विधायक अनुज शर्मा भी शामिल हुए और दिव्यांगों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक अनुज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगों की सेवा करना हमारा सौभाग्य है और उनकी भलाई के लिए सरकार पूरी तरह से तत्पर है. उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को ज़्यादा से ज़्यादा दिव्यांगजनों तक पहुँचाना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ऐसे शिविरों का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा।

**अधिकारियों के निर्देश पर तुरंत मिली मदद:** शिविर के दौरान विधायक अनुज शर्मा ने एक अस्थि बाधित दिव्यांग, श्री उमेश निषाद को देखा, जिन्हें रोज़मर्रा के कामों में बहुत परेशानी होती थी. उन्होंने तुरंत अधिकारियों को निर्देश देकर श्री निषाद को ट्राइसाइकिल उपलब्ध करवाई. समाज कल्याण विभाग ने बिना देर किए यह ट्राइसाइकिल उमेश निषाद को सौंप दी. यह घटना शिविर में मौजूद सभी लोगों के लिए एक प्रेरणा बन गई।





### शिविर के प्रमुख आँकड़े

इस विशाल शिविर में कुल 1100 से ज़्यादा दिव्यांग व वृद्धजन शामिल हुए. जबलपुर की एलिम्को (**ALIMCO**) की टीम ने सभी का गहन परीक्षण किया. शिविर में विभिन्न प्रकार की ज़रूरतों के हिसाब से दिव्यांगों का चिन्हांकन किया गया जिसमे कुल 312 दिव्यांगों को विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकित किया गया। वही 86 दिव्यांगों का यूडीआईडी (**UDID**) कार्ड बनाने के लिए पंजीयन किया गया साथ ही 45 दिव्यांगों को मौके पर ही विकलांगता प्रमाण पत्र दिए गए।



### इनकी भी रही उपस्थिति

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढीलेन्द्र सेन,उपाध्यक्ष श्री दिनेश खूंटे, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा, रायपुर एस डी एम श्री नंद कुमार चौबे, बीएमओ श्री विकास तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू,पार्षद योगेश साहू,मोहन प्रजापति, धरसींवा सरपंच साहिल खान सहित क्षेत्र के सैकड़ो जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है

सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस शिविर के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचें। हमारा प्रयास है कि ऐसे शिविरों के आयोजन को एक नियमित प्रक्रिया बनाया जाए, ताकि कोई भी दिव्यांग अपनी ज़रूरतों के लिए परेशान न हो।

# बकरी चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



प्रार्थी नासिर हुसैन खान ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने घर में 5-6 नग बकरा बकरी रखा हुआ है। दिनांक 01.09.2025 को सुबह प्रार्थी अपने घर के बाहर चबूतरा में बैठा था तभी करीब 08:20 बजे घर के बाहर रोड में बकरा बकरी बैठे हुये थे और एक लाल रंग के *मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पी.क्यू. 0454* में तीन अज्ञात व्यक्ति आये और प्रार्थी के घर के बाहर बैठे 01 नग बकरी काला सफेद रंग कीमती 3000/रू को अपने साथ चोरी कर वे लोग वहां से भाग गये, रिपोर्ट पर नेवरा पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना पतासाजी में लिया गया। तिल्दा पुलिस के द्वारा मोटरसायकल के संबंध मे पतासाजी व मुखबिर सुचना के आधार पर साहिल को हिरासत मे लेकर पूछताक्ष करने पर अपने अन्य साथियो साहिल आदिवान पिता राजेंद्र आदिवान उम्र 18 वर्ष 8 माह, रोशन रगड़े पिता स्व संतोष रगड़े उम्र 23 वर्ष सभी वार्ड 11 नेवरा निवासी के साथ एक नग बकरी को चोरी कर घर में छिपाकर रखना बताये जिस पर आरोपियो से प्रार्थी की चोरी की गई एक नग बकरी को जप्त किया गया है।

## फरार चाकूबाज को पुलिस गिरफ्तार में



**तिल्दा नेवरा।** प्रार्थी मनीष पूरेना निवासी धोधा थाना हथबंद जो की ट्रक चालक है, विगत 15 जुलाई को अपनी वाहन को लेकर माल लोड करने अल्ट्राटैक सीमेंट बैकुंठ आया था जहाँ आरोपी छोटे लाल सिंह पिता शीतल सिंह उम्र 34 वर्ष ग्राम महरादेव गोपालगंज बिहार के मूल निवासी हाल पता ग्राम कुंदरु निवासी ने वाहन को हटाने की बात बोल कर गन्दी गन्दी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे धारदार चाकू से मारकर चोट पहुंचाया और घटना के बाद फरार हो गया था, जिसे मुखबिर सुचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया और गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से एक धारदार चाकू जप्त किया है।

# स्वास्थ्य केंद्र खोरपा में नेत्रदान पखवाड़ा जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन सृष्टि नर्सिंग कॉलेज भरेगाभाटा में किया गया। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी आर.पी. यादव, वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी आर.के. विश्वकर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी आरती साहू एवं कॉलेज डायरेक्टर गोविंद चौहान का विशेष भूमिका रहा। कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी रोशन लाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक यह नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज में नेत्रदान के महत्व को बढ़ावा देना और दृष्टिहीनों को नई दृष्टि प्रदान करना है।

कॉलेज परिसर में इस अवसर पर छात्रों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा आंखों के संक्रमण से बचाव के उपायों पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही रंगोली, भाषण, स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में निकिता सुखदेवे, मानसी यादव, लालिमा देवांगन, योगिता पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



# गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम महामाया सड्ढू में गणेश उत्सव के पर्व पर खुरसुल (अर्जुन्दा बालोद) का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राजा शिवाजी ने गणेश पर्व की शुरुआत सनातन धर्म की रक्षा के लिए की थी। आजादी के आंदोलन में यह पर्व एकता व राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत किया। इस अवसर पर रायपुर जिला पंचायत के सभापति प्रतिनिधि शैल महेंद्र साहू, क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य शत्रुहन यदु, उप सरपंच टाकेश्वर निर्मलकर,सरपंच प्रतिनिधि एवन पाटिल, राजकुमार पटेल,धर्मेंद्र वर्मा, सोनम साहू, रतनचन्द निषाद, पंच गंगाराम साहू, पंच खोमलाल साहू, पंच हेमन्त साहू, पंच नेमेश्वरी निर्मलकर, पंच चम्पा निर्मलकर, पंच लक्ष्मी निर्मलकर, रोहित साहू, रूपकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मंच का संचालन लालजी निर्मलकर ने किया।

### खुले पड़ मीटर पैनल बाक्स में करंट, हादसे की आशंका

**अभनपुर।** सेक्टर-27 नवा रायपुर स्थित विद्या मेडिकल अग्रवाल के पीछे मकान नंबर पीआए 90 के पास बिजली विभाग और हाउसिंग बोर्ड की लापरवाही के कारण खुले पड़े मीटर पैनल बॉक्स से करंट प्रवाहित हो रहा है। इसकी वजह से पिछले दो दिनों में कई गायों की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना स्थल के पास ही एक निजी स्कूल संचालित है, जहां रोजाना सैकड़ों बच्चों का आना-जाना होता है।

## पेज 09 के शेष...

### इधर... 6 बार अवसर...

अपनी तैयारी कर रहा है। शालेय शिक्षक संघ ने सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग को सुझाव प्रेषित किया है। संगठन के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा, कार्यरत शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता तथा उसके प्रभाव व विकल्पों के संबंध में बिना समय गंवाए सरकार को विश्लेषण करना चाहिए।

### मेंबर बनाने भराए जाते...

तरह से कोई सहयोग नहीं कर रही थी। दूसरा मोबाइल मिलने पर पुलिस ने नव्या से नए सिरे से पूछताछ करने के साथ उसके साथ मनोवैज्ञानिक आधार पर पूछताछ की, तो वह ड्रग मामले में पुलिस को जानकारी देने लगी है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नव्या आधा दर्जन से ज्यादा देशों में टेक्नो पार्टी सहित अन्य समारोह में शामिल होने जा चुकी है। नव्या जिन देशों में गई है, उनमें दुबई, सिंगापुर, तुर्की, थाईलैंड और मालदीव, मलेशिया के नाम शामिल हैं।

### मेंबर बनाने भरवाते थे...

लेकर ऑनलाइन फार्म भरवाता था। फार्म भरवाने की वजह ड्रग लेने वाला उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत नहीं करे। इस वजह से ऑनलाइन फार्म भरवाते थे।

### 8 को निकलेगी...

चौक होते हुए सदरबाजार, सत्ती बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक, लीली चौक, लाखे नगर चौक, सुंदर नगर, महादेव घाट रिंगरोड चौक, रायपुरा होते हुए महादेवघाट के विसर्जन कुंड पहुंचेंगी, जहां गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए 6 सितंबर को प्रातः 6 बजे से 12 सितंबर को प्रातः तक के लिए चक्रानुसार जोनवार सभी जोन कमिश्नरों, जोन कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, समयपाल तथा श्रमिकों की ड्यूटी लगाई है। इस संबंध में निगम आयुक्त ने लिखित आदेश जारी किया है।

### ड्रग मामले में नाम...

आशीष पर आरोप है कि उसने चार दिन पूर्व एक होटल संचालक को ड्रग केस में उसके बेटा का नाम शामिल होने का झांसा दिया। साथ ही होटल कारोबारी को उसके बेटा का नाम सूची से हटवाने के एवज में पांच लाख रुपए की मांग की। पुलिस अफसरों से जान पहचान होने की वजह से होटल कारोबारी ने नकली पुलिसकर्मी को अपने होटल से भगा दिया। फर्जी पुलिसकर्मी को भगाने के बाद इसकी शिकायत संबंधित थाने को दी। मौके पर क्राइम ब्रांच की टीम ने सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तब फर्जी पुलिसकर्मी के बारे में जानकारी मिली। जिस फर्जी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी की गई है, वह अक्सर राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में घूमता रहता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से जो आईडी कार्ड जब्त किया है, उसमें नाम अलग दर्ज होना पाया गया है।

### पुलिस वालों को ट्रांसफर...

आरोपी की कार में गंज थाने के टीआई की फर्जी सील बरामद होने की जानकारी मिली है। पुलिस द्वारा आशीष के कब्जे से दो लाख रुपए कैश जब्त करने की बात सामने आई है। इसके अलावा जालसाज द्वारा अलग-अलग लोगों से मामला निपटाने के नाम पर उगाही करने की जानकारी पुलिस को मिली है। फर्जी पुलिस मामले में आने वाले दिनों में पुलिस महत्वपूर्ण खुलासा कर सकती है। आशीष से पुरानी बस्ती पुलिस पूछताछ कर रही है।

### राजधानी को छोड़...

अनुसार मंगल-बुधवार की दरम्यानी रात अभनपुर में 45.6, आरंग में 14.3, धरसींवा में 42.3, गोबरा-नवापारा में 45.7, खरोरा में 28.4, लाभांडी में 20, माना में 56, मंदिर हसौद में 47.7, लालपुर में 27.7, रायपुर शहर में 17.6 तथा तिल्दा में 46 मिमी. बारिश हुई। बुधवार को दिन में मौसम सामान्य रहने की वजह से तेज धूप, उमस की समस्या बनी रही। अगले चौबीस घंटे में वर्षा की गतिविधि बस्तर के कुछ इलाकों में रहने का अनुमान है। अभी मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, दमोह, पेण्ड्रारोड, संबलपुर चिन्हित निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है ।

## श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ की बैठक में समाजिक विषयों पर चर्चा की गई

# कुरीतियों के त्याने व शिक्षा को अपनाने से रविदास समाज में स्वमेव एकता आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पुरातत्व धार्मिक नगरी आरंग में श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ का प्रदेश स्तरीय महत्व पूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की मुख्य अतिथि सूरज कैरो राष्ट्रीय महामंत्री गुरु रविदास विश्व महापीठ तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता नामदेव कदम राष्ट्रीय महामंत्री गुरु रविदास विश्व महापीठ ने की एवं विशिष्ट अतिथि प्रकाश महोबिया उपस्थित थे। श्री कैरो ने अपने संबोधन में कहा की विश्व में निवासरथ सभी रविदास समाज को एकता के सूत्र में बांधने की आवश्कता है। समाज में आपसी सहियोग को बढ़ावा देने सामाजिक कुरतियों को समाप्त करने और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।



### मिल-जुल कर प्रयास करना होगा

अध्यक्षता कर रहे श्री कदम ने कहा की समाज को उचाई तक ले जाने के लिए सभी को मिल जुल कर प्रयास करना होगा। उन्होंने त्योहारों के समय सामाजिक मिलन और सहभागिता को भी आवश्यक बताया। विशिष्ट अतिथि श्री महोबिया ने कहा की वर्तमान समय में हमे आर्थिक रूप से मजबूत होने के लिये अन्य व्यवसाय के ऊपर ध्यान केंद्रित करना होगा। विश्व महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं ध्रुव कुमार मिर्धा कहा की रविदास विश्व महापीठ का उदेश्य भारत जोड़ो, सनातन जोड़ो, धर्मांतरण छोड़ो के मुद्दे को मजबूत करने पर बल देना है। राज्य के बीच जिले से पधारे सामाजिक बंधुओं से एकजुट रहकर कार्य करने का आह्वाहान किया। आगामी 2027 में श्री गुरु रविदास जी का 650वी जयंती गाँव से लेकर प्रदेश स्तरीय मानने को कहा गया। गाव से शहर तक हर रविदासी के घर में रविदास जी का शैल चित्र आबंटन करने को कहा।

### समाज में समरसता का संदेश दिया था

आगामी महापीठ की बैठक ग्राम खल्लारी (महासमुंद) में रखने की संभवना है। जिस स्थल पर तेरहवी सदी में देवपाल मोची के द्वारा नागर शैली में श्री नारायण मंदिर (जगन्नाथ मंदिर) निर्माण कराकर सारे समाज में समरसता का संदेश दिया था, वही संदेश सारे देश में जायेगा। वही विजय मेहरा कार्यकारी अध्यक्ष सर्व रविदास समाज छ.ग., खेमराज बाकरे अध्यक्ष छ.ग. मेहर समाज, केएएल चौधरी, वेनुधर चौतिया ने समाज के उत्थान स्वालंबन की भावना विकसित की करने, शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने और सामाजिक राजनीतिक आगामी जाति जनगणा के समस्याओं पर विचार रखते हुए सभी ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में सामाजिक गतिविधियों एकजुटता और समाज में उत्पन्न विभिन्न प्रकरणों पर गंभीर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे निर्णय लिया गया की भविष्य की बैठकों में समाज के सभी सदस्यों की उपस्थित अनिवार्य होगी, जिससे निर्णय सर्व सहमति से लिया जा सके और समाज को मज़बूत दिशा मिल सके। बैठक में प्रमुख रूप से लोकनाथ बारी ज़िला पंचायत सभापति, सौकीराम अहिवार, नंदू राडेकर, नरेंद्र चंचल, बुद्धेश्वर सोनवानी, तुलसी दौड़ीय, सी.एस खरे, मुरलीधर जगत, प्रेमराजन रौतिया, रुखमणी सिवारे, संजय मेहरा, पी.एल मीरी, द्रुतिया अजगर, राजेंद्र रात्रे, रमेश सोनवानी, नंदलाल सोनवानी, छबीलों सोनवानी, रेखा बघेल, ओमप्रकाश मीरी, रामप्रसाद रात्रे, काशीराम पेगवार, लेखराम सोनवानी, ओम प्रकाश मिर्धा, मूलचंद रौतिया, राजू अजगर, रामू मिर्धा, हिराऊ राम, महेश मिर्धा, खिलवान मेहरा, खीरचंद बारी एवं प्रदेश भर से सैकडो लोग उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202508110500032 ब/121
वर्ष 2024-25 ग्राम अभनपुर प.ह.नं. 21
तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निर्मला गुप्ता पति -शिवपूजन गुप्ता निवासी ग्राम उरला, अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम- अभनपुर प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 1102/5 रकबा 0.073 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदिका के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को नक्शा में बटांकन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 08/09/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनाँक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अभनपुर, जिला रायपुर

न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा,
जिला- रायपुर (छ.ग.)

रा.मा.क्र. 202507110300076 अ/6 (अ)
वर्ष 2024-25 ग्राम-कुंदरू, प.ह.नं. 12

// राजस्व मामले की नोटिस //

प्रति,

महेन्द्र कुमार पिता श्री अभिंद, साकिन-कुंदरू, तहसील- तिल्दा नेवरा, जिला- रायपुर (छ.ग.)

विषय :- अभिलेख दुरूस्ती की कार्यवाही में उपस्थित रहने हेतु ।

आवेदिका श्रीमती धनियाबाई वर्मा पति स्व. श्री विश्राम वर्मा एवं भूखन वर्मा पिता श्री विश्राम वर्मा निवासी-कुंदरू द्वारा ग्राम- कुंदरू, प.ह.नं. 12 स्थित भूमि खसरा नंबर 92/2 शा.नं. 120/1 रकबा 0.606 हे. जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आपके नाम पर दर्ज भूमि है के संबंध में अभिलेख दुरूस्त कर अपना नाम दर्ज किए जाने आवेदन-पत्र पेश किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में लंबित है। इस संबंध में आप दिनांक 18.09.2025 को स्वयं अथवा विधिमान्य अभिभाषक के माध्यम इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर सहित जारी किया गया ।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला- रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### अमरजीत बने चैंबर के प्रदेश सलाहकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने अमरजीत छाबड़ा को चैंबर का प्रदेश सलाहकार के रूप में नियुक्ति की है। श्री थौरानी ने कहा कि अमरजीत के सलाहकार बनने से चैंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारियों को उनके अनुभव का लाभ होगा। साथ ही एक नई ऊर्जा प्राप्त होगी। इस आशय की जानकारी चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने दी।

### बूढ़ापारा गणेश मंदिर में लगाया 51 किलो लड्डू का भोग



**रायपुर।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर एक प्रयास संस्था द्वारा बूढ़ापारा स्थित गणेश शिव मंदिर में बुधवार को श्री गणपति महाराज को 51 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया। इस दौरान भव्य आरती के बाद भक्तिभाव से भोग लगाया गया और उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसादी वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष सत्तू सिंह ने बताया कि यह आयोजन प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए लगातार कई वर्षों से किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, सन्नी अग्रवाल, संजय सोनी, पार्षद आकाश तिवारी, अमितेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### केटीयू में विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय काठाडीह परिसर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत सामुदायिक भागीदारी से विद्यार्थियों को न्योता भोज दिया गया। इसमें लगभग 150 शालेय छात्र-छात्राओं शामिल हुए। यह कार्यक्रम रायपुर के संभागायुक्त एवं कुलपति महादेव कावरे एवं जयश्री कावरे द्वारा अपने पुत्र मौक्तिक कावरे के जन्मदिन के अवसर पर किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण छात्र-छात्राओं के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से किया। कार्यक्रम के आरंभ में जयश्री कावरे का शाला नायक एवं नायिका द्वारा स्वनिर्मित पुष्प गुच्छ से स्वागत किया एवं शुभकामना पत्र भेंट किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका उषा साव, मनीषा शर्मा, देवकी साहू, ममता डडसेना, मेझरेन खाखा, लक्ष्मी ध्रुव, विमला ध्रुव, उमा धनगर, राजबती साहू आदि शामिल थे।

## निधन

### मोंगरा बाई बिजौरा



**रायपुर।** पुरानी बस्ती निवासी मोंगरा बाई बिजौरा अटारी पाटन वाले (80) का 3 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे नंदकिशोर बिजौरा, सुनील और सौरभ बिजौरा की माता थीं।

### लक्ष्मीदास महाजन



**रायपुर।** पीडब्ल्यूडी के अनुविभागीय अधिकारी लक्ष्मीदास महाजन का 1 सितम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 सितम्बर को महादेव घाट श्मशान घाट में किया गया। वे नारायण दास महाजन के भाई और पंकिल व पुनीत महाजन के पिता थे।

# राजधानी में अजब नजारा : इसकी टोपी उसका सिर... यह कैसा हेलमेट अभियान

## बगैर हेलमेट पेट्रोल लेने जाने वाले दोपहिया वाहन चालक दूसरे से मांग कर पहन रहे हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जन जागरूकता अभियान की जगह चल रही नौटंकी

छत्तीसगढ़ डीजल, पेट्रोल डीलर एसोसिएशन ने दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन कर दोपहिया चलाने प्रेरित करने दोपहिया वाहन चालकों को बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने निर्णय लिया है। पेट्रोल पंप संचालक इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कह रहे हैं। इसके लिए बगैर हेलमेट पहने पेट्रोल लेने आने वालों को समझाइश देने के बाद शुरुआत में पेट्रोल देने, उसके बाद बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की बात कही है। पंप संचालकों के इस निर्णय को उन्हीं के पंप कर्मी धता बता रहे हैं। बगैर हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को उन्हीं के पंप कर्मी पेट्रोल भरवाने किसी दूसरे का हेलमेट पहन कर पेट्रोल भरवाने की सीख दे रहे हैं।

दोपहिया वाहन चलाने वालों को वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना है। लोगों को हेलमेट पहनने अवेयर करने की जरूरत है। एसोसिएशन का निर्णय अपनी जगह सही है, लेकिन इसके लिए पेट्रोल पंप संचालकों को अपने ग्राहकों को बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की सख्ती गैर वाजिब है। पंप संचालकों को बगैर हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को समझाइश देने के साथ उन्हें अवेयर किया जाना चाहिए। पेट्रोल पंप एसोसिएशन का आम उपभोक्ता विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप में बगैर हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले दोपहिया वाहन चालक किसी दूसरे का हेलमेट लेकर अपनी गाड़ी में पेट्रोल डलवा रहे हैं, ऐसे में अभियान का क्या औचित्य।

### अमानक हेलमेट की बिक्री बढ़ी

पेट्रोल पंप में बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने के फरमान के बाद सड़क पर ढेरी लगाकर हेलमेट बेचने वाले अचानक सक्रिय हो गए हैं। सड़क पर लोग मजबूरी में महज चार से पांच सौ रुपए खर्च कर हेलमेट ले रहे हैं। सड़क किनारे जो हेलमेट बिक रहा है, उसमें से ज्यादातर अमानक स्तर का तथा भारी है। अच्छी क्वालिटी के हेलमेट की कीमत डेढ़ से दो हजार रुपए के करीब है।



### हेलमेट पहनाने के एवज में वसूल रहे पैसे

बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने के निर्णय के बाद कई लोग शंकर नगर सहित शहर के अलग-अलग क्षेत्र के पेट्रोल पंप के आसपास हेलमेट लेकर घूमते नजर आ रहे हैं। जो हेलमेट लेकर घूम रहे हैं, वो पेट्रोल लेने आने वाले जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल भरवाने हेलमेट दे रहे हैं। उसके एवज में वाहन मालिक से 10 रुपए वसूल रहे हैं।

### सीधी बात - सतीश ठाकुर डीएसपी ट्रैफिक

■ राजधानी के ज्यादातर इलाकों में ट्रैफिक रेंगने की स्थिति में है, ऐसे में हेलमेट का क्या औचित्य।
■ मोटर व्हिकल एक्ट में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है, इसके लिए सभी दोपहिया वाहन चालकों को नियम का पालन करते हुए हेलमेट पहनना चाहिए।
■ राजधानी की सड़कें दूसरे राज्यों की तुलना में सकरी होने के साथ स्लो है, ऐसे में एक्सीडेंट का खतरा कम रहता है।
■ ऐसी बात नहीं है, महानगरों के साथ पड़ोसी राज्यों के भीड़ भरे इलाकों की सड़कें सकरी होने के साथ स्लो रहती है, इसके बाद भी लोग दोपहिया में सवार होने के साथ ही हेलमेट पहनते हैं। यह उनकी आदत में शुमार हो गया है। यहां के लोगों को भी उसी तरह से अवेयर होना होगा। इससे रोड एक्सीडेंट में मौत के आंकड़े कम होंगे। रोड एक्सीडेंट में ज्यादातर मौतें दोपहिया वाहन चालकों की होती हैं।

# बारिश के बाद अंधेरे का कहर आउटर की स्ट्रीट लाइटें बंद

**जोरा तालाब किनारे 3 माह से नान स्टॉप जगमगा रही ढाई दर्जन लाइटें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ हीरापुर, जरवाय और अटारी मेन रोड में लाइट खराब

राजधानी सहित आउटर के इलाकों की स्ट्रीट लाइट बंद होने से लोग परेशान हैं। बारिश के बाद अंधेरे का कहर झेल रहे भुक्तभोगियों का कहना है, स्ट्रीट पोल पर लगी एलईडी लाइट बंद होने की शिकायत के बाद भी उसे सुधारा नहीं जा रहा है, रात में सड़क पर निकलने से डर लगता है। हीरापुर, जरवाय, अटारी मुख्य मार्ग में लगाए गए 100 पोल की लाइट खराब हुए महीनों बीत गए, पर उसमें नई लाइट आज तक नहीं लगाई गई।

इसी तरह जरवाय से नंदनवन जाने वाली रोड में अंधेरा पसरा हुआ है। वार्ड पार्षद संदीप साहू ने इसकी शिकायत जोन दफ्तर में भी की है। इसी तरह जोन 9 इलाके के लभांडी, फुंडहर और जोरा के सैकड़ों स्ट्रीट पोल महज शोपीस बनकर रह गए हैं। इससे लोगों को काफी असुविधा उठानी पड़ रही है। वहीं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जोरा तालाब सौंदर्यीकरण के दौरान लगवाई गई ढाई दर्जन लाइटें पिछले 3 माह से लगातार जल रही हैं, जो कभी बंद होने का नाम नहीं ले रही। शहर सहित आउटर स्थित वार्डों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था चरमरा गई है। जोरा, लभांडी, फुंडहर के मुख्य मार्ग सहित रिहाइशी इलाके की अधिकतर स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। शिकायत के बाद भी जोन के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। वहीं ठेका एजेंसी के कर्मचारी बिजली मरम्मत के लिए इसलिए प्रभावित इलाकों में नहीं आ रहे, क्योंकि अनुबंधित एजेंसी ने कर्मचारियों का वेतन भुगतान महीनों से नहीं किया है। हरिभूमि ने आउटर के इलाकों के प्रकाश व्यवस्था की पड़ताल की है। इसमें यह बात सामने आई।

**केस 1**

### लाइट निकालकर ले गए, दोबारा नहीं आए

नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर, जरवाय और अटारी क्षेत्र स्थित 90 स्ट्रीट पोल की लाइटें खराब हो गई हैं। कुछ लाइटें तेज हवा के कारण टूटकर बिखर गईं। लाइट बंद होने से लोगों को सांझ ढलते ही अंधेरे में रहना पड़ रहा है। नंदनवन से अटारी मुख्य मार्ग पर लगाए गए स्ट्रीट पोल की लाइटें बंद पड़ी हैं। इसकी शिकायत वार्डवासी लगातार वार्ड पार्षद और संबंधित जोन के कमिश्नर से करते आ रहे हैं। इसके बाद भी समस्या दूर नहीं हुई। पार्षद संदीप साहू का कहना है, हीरापुर, जरवाय और अटारी से नंदनवन मार्ग की ज्यादातर स्ट्रीट लाइट खराब हैं। हमने 250 स्ट्रीट लाइट उपलब्ध कराने मांग की है। जोन से अब तक कोई जवाब नहीं आया। बारिश के सीजन में इससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

**केस 2**

### जोरा, लभांडी और फुंडहर में 90 स्ट्रीट पोल में लाइट नहीं

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के गांव लभांडी, फुंडहर और जोरा के रहने वाले नगर निगम को टैक्स भुगतान भुगतान करने के बाद भी प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं होने से त्रस्त हैं। करीब 90 स्ट्रीट पोल ऐसे हैं, जिसकी लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं। जोरा मुख्य मार्ग पर लगाए गए नए खंबे में लाइट नहीं लगी है। भुक्तभोगियों ने बताया कि स्ट्रीट पोल से खराब लाइट निकालकर ले गए, पर नया लाइट लगाने में बहुत ज्यादा समय ले रहे। इससे काफी परेशानी हो रही है। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने नगर निगम आयुक्त विश्वदीप से इसकी शिकायत की है। उनका ये भी कहना है, घटिया क्वालिटी की लाइट लगाने से दो से तीन दिन में लाइटें खराब हो रही हैं।



**केस 3**

### रायपुरा चौक से सरोना तक रिंग रोड में अंधेरा

संत रविदास वार्ड के रायपुरा चौक से सरोना जाने वाले रिंग रोड वाली सड़क पर एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है। इसके कारण अक्सर दुर्घटना का खतरा बना रहता है, जबकि इस मार्ग का उपयोग इंद्रप्रस्थ रायपुरा, सरोना सहित आसपास के रहवासी इलाकों से आने-जाने वाले करते हैं। पैदल चलने वाले, दोपहिया वाले अकसर इसी रास्ते से होकर गंतव्य तक आते-जाते हैं। इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने लोक निर्माण विभाग और नगर निगम जोन 8 कमिश्नरी से लेकर निगम मुख्यालय में भी शिकायत की है, पर जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। यही वजह है कि रायपुरा से सरोना मार्ग की सर्विस रोड में अंधेरा रहता है। इसके अलावा सरोना के डिपरापारा, बीएसयूपी कालोनी, सरोना बस्ती, खल्लारी चौक, बांसटाल इलाके की स्ट्रीट लाइट खराब है।

### 3 माह से नान स्टॉप जगमगा रही स्ट्रीट लाइटें

एक तरफ जहां जोरा, लभांडी और फुंडहर के मुख्य मार्ग की ज्यादातर स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं, दूसरी तरफ जोरा तालाब सौंदर्यीकरण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा लगवाई गई 30 लाइटें 3 माह से लगातार जगमगा रही हैं। इसे बंद करने न निगम वाले ध्यान दे रहे, न ही स्मार्ट सिटी के अधिकारी शिकायत सुन रहे। ऐसे में दिन के समय भी लगातार तालाब के आसपास लगी स्ट्रीट लाइट जगमगाते देख लोग हैरत में हैं।

### लगातार आ रही शिकायतें

शहर के आउटर इलाकों में स्ट्रीट लाइट को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं। नया लाइट उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। त्योहारी सीजन को देखते हुए रिपेयरिंग वाली लाइट समय पर ठीक कर वापस लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। निगम मुख्यालय में इस संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली जाएगी। - *मीनल चौबे, महापौर, ननि रायपुर*

# प्रधान आरक्षक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग होकर खुदकुशी करने की चर्चा

कोतवाली थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन में बुधवार दोपहर एक हेड कांस्टेबल ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। चर्चा है कि हेड कांस्टेबल ने अफसरों की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी की है। वहीं पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर खुदकुशी करने वाले पुलिसकर्मी को शराब पीने का आदी बताया। मर्ग कायम कर पुलिस खुदकुशी के कारणों की जांच कर रही है।

पुलिस को मौके पर किसी भी तरह से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, घटना सुबह 10 से सवा दस बजे की है। पुलिस लाइन में एमटी शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक राम आसरे पोर्ते वाहन चालक के पद पर कार्यरत था। उसने पुलिस लाइन परिसर स्थित सामुदायिक भवन के पास फांसी लगाकर खुदकुशी की है। हेड कांस्टेबल गमछे का फंदा बनाकर पेड़ पर लटक गया। आसपास से गुजर रहे लोगों ने जब लाश देखी, तो पुलिस को सूचना दी। चर्चा है कि मृतक पिछले सप्ताह छुट्टी पर गया था, लेकिन वापस आने के बाद कुछ अधिकारी उसे प्रताड़ित कर रहे थे, जिससे उसने अपनी जान दे दी। हालांकि, इस बात की पुष्टि जांच के बाद हो पाएगी।

### स्वच्छता की शपथ

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग ने गणेश पंडालों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर निगम अमले ने विभिन्न वार्डों के गणेश पंडालों में जाकर समिति के पदाधिकारियों को पंडाल स्थल पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग रखने डस्टबिन में रखने की हिदायत दी। गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने आम जनता सहित गणेश पंडालों में सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली।

# अस्पताल के गलियारे में बीत गए 6 दिन, भाई ने किया हंगामा तो बहन का शुरू हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आंबेडकर अस्पताल की अव्यवस्था का शिकार हुआ खरोरा का परिवार



गले में आई समस्या के इलाज के लिए खरोरा इलाके से आई 35 साल की महिला इलाज के इंतजार में 6 दिन तक आंबेडकर अस्पताल के गलियारे में छोटी बच्ची के साथ पड़ी रही। बहन की दयनीय हालत देखकर भाई का गुस्सा भड़क गया और उसने इमरजेंसी गेट के समीप जमकर हंगामा मचाया। इसके बाद अस्पताल स्टाफ का ध्यान मरीज की ओर गया और उसका इलाज शुरू हो पाया। आंबेडकर अस्पताल की लचर व्यवस्था से पीड़ित 35 साल की गायत्री बंजारे के भाई सत्यप्रकाश ने बताया कि गायत्री को गले में कुछ समस्या थी, जिसके इलाज के लिए वह 27 अगस्त को आई थी। डाक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे भर्ती करने के लिए दो दिन बाद की तारीख दी थी। गायत्री वापस घर जाने के बजाए अस्पताल में अपनी छोटी बच्ची की के साथ ठहर गई। दो दिन बाद भी उसे भर्ती नहीं किया गया। इसके अलावा उसे 31 को एंडोस्कोपी करने की तारीख दी गई, जिसे भी टाल दिया गया। अस्पताल में पिछले 6 दिन से पड़ी बहन की हालत देखकर भाई सत्यप्रकाश का गुस्सा भड़क गया और उसने इमरजेंसी विभाग के सामने हंगामा कर दिया।

# मोवा बस्ती, नहरपारा कांपा के रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नगर निगम जोन 9 का मामला

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के मोवा और नहरपारा कांपा के रहवासियों ने पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर बुधवार को जोन कमिश्नर संतोष पांडे को ज्ञापन सौंपा। प्रभावित इलाके के रहवासियों ने वार्ड पार्षद मोहन कुमार साहू के साथ मिलकर जोन 9 कार्यालय पहुंचकर अपनी परेशानी बताई।

दरअसल, कुछ दिनों से मोवा क्षेत्र में जल आपूर्ति को लेकर लोग परेशान हैं। भुक्तभोगियों का कहना है, जल आपूर्ति से जुड़े संबंधित अधिकारी की लापरवाही से पेयजल आपूर्ति की समस्या रही, जिसे मंगलवार को सुधारा गया।



आगे ऐसी समस्या जन सामान्य को न आए, इसके लिए जोन 9 आयुक्त संतोष पांडे को ज्ञापन दिया है। लोगों का कहना है कि वार्ड के कुछ क्षेत्रों में आए दिन पानी के प्रेशर को लेकर शिकायत बनी रहती है।

इसके लिए निगम के माध्यम से बोरवेल खनन कर टंकी लगाने और कांपा क्षेत्र की जल आपूर्ति को मंडी स्थित पानी टंकी से जोड़ने की मांग की गई है। इसके साथ ही मोवा टंकी में दूसरा नया वाल्व बैठाने की मांग जोन कमिश्नर से की गई।

# सर्वर डाउन के कारण दो दिन नहीं बंटा राशन तीसरे दिन भी बहुत कम हितग्राही उठा पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन माह का चावल एक साथ वितरण के बाद सितंबर से पहले की भांति प्रति माह के अनुसार उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को चावल सहित अन्य राशन वितरण की प्रक्रिया शुरू की गई है, लेकिन इस माह की शुरुआत में ही सर्वर की समस्या के कारण दो दिन तक राशन दुकानों में खाद्यान्न बांटा नहीं जा सका। हालांकि पहला दिन सोमवार पड़ने के कारण सभी दुकानें बंद रहीं, वहीं दूसरे दिन मंगलवार को भी सर्वर समस्या और भंडारण की कमी के कारण ज्यादातर दुकानें बंद रहीं। इस तरह दो दिन तक हितग्राहियों को राशन ही नहीं मिल पाया। तीसरे दिन बुधवार से राशन दुकानों में खाद्यान्न बंटना शुरू हुआ, लेकिन सर्वर की समस्या भी बनी रही। इसके कारण तीसरे दिन भी बहुत कम संख्या में हितग्राही खाद्यान्न दुकानों से उठा पाए।




### 80 क्विंटल से अधिक स्टॉक रखा, दुकानों को सप्लाई नहीं, जिनके पास कम, वे उठा नहीं रहे

तीन माह का चावल वितरण के कारण कई राशन दुकानों ने अगस्त खत्म होने के पहले तक भंडारण कराया है। ज्यादातर दुकानों में ट्रांसपोर्ट एजेंसी एवं नान गोदाम से धीमी गति से सप्लाई किए जाने के कारण विलंब से चावल पहुंचा है, जिसके कारण इन दुकानों में 80 क्विंटल से अधिक स्टॉक बच गया है। इसके बाद भी जिन दुकानों में स्पेस ज्यादा हैं, उसके संचालक सितंबर में बांटने के लिए चावल की मांग कर रहे हैं। नान ऐसी दुकानों को चावल की सप्लाई नहीं कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कई दुकानों में चावल का स्टॉक 80 क्विंटल से बहुत कम बचा है। ऐसे दुकान संचालक खुद से भंडारण करने से पीछे हट रहे हैं।

## पेज 9 के शेष ...

### इधर... 6 बार अवसर...

अपनी तैयारी कर रहा है। शालेय शिक्षक संघ ने सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग को सुझाव प्रेषित किया है। संगठन के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा, कार्यरत शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता तथा उसके प्रभाव व विकल्पों के संबंध में बिना समय गंवाए सरकार को विश्लेषण करना चाहिए।

### मेंबर बनाने भराए जाते...

तरह से कोई सहयोग नहीं कर रही थी। दूसरा मोबाइल मिलने पर पुलिस ने नव्या से नए सिरे से पूछताछ करने के साथ उसके साथ मनोवैज्ञानिक आधार पर पूछताछ की, तो वह ड्रग मामले में पुलिस को जानकारी देने लगी है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नव्या आधा दर्जन से ज्यादा देशों में टेक्नो पार्टी सहित अन्य समारोह में शामिल होने जा चुकी है। नव्या जिन देशों में गई है, उनमें दुबई, सिंगापुर, तुर्की, थाईलैंड और मालदीव, मलेशिया के नाम शामिल हैं।

### मेंबर बनाने भरवाते थे...

लेकर ऑनलाइन फार्म भरवाता था। फार्म भरवाने की वजह ड्रग लेने वाला उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत नहीं करे। इस वजह से ऑनलाइन फार्म भरवाते थे।

### 8 को निकलेगी विसर्जन झांकी...

चौक होते हुए सदरबाजार, सत्ती बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक, लीली चौक, लाखे नगर चौक, सुंदर नगर, महादेव घाट रिंगरोड चौक, रायपुरा होते हुए महादेवघाट के विसर्जन कुंड पहुंचेंगी, जहां गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए 6 सितंबर को प्रातः 6 बजे से 12 सितंबर को प्रातः तक के लिए चक्रानुसार जोनवार सभी जोन कमिश्नरों, जोन कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, समयपाल तथा श्रमिकों की ड्यूटी लगाई है। इस संबंध में निगम आयुक्त ने लिखित आदेश जारी किया है।

### ड्रग मामले में नाम कटवाने...

आशीष पर आरोप है कि उसने चार दिन पूर्व एक होटल संचालक को ड्रग केस में उसके बेटा का नाम शामिल होने का झांसा दिया। साथ ही होटल कारोबारी को उसके बेटा का नाम सूची से हटवाने के एवज में पांच लाख रुपए की मांग की। पुलिस अफसरों से जान पहचान होने की वजह से होटल कारोबारी ने नकली पुलिसकर्मी को अपने होटल से भगा दिया। फर्जी पुलिसकर्मी को भगाने के बाद इसकी शिकायत संबंधित थाने को दी। मौके पर क्राइम ब्रांच की टीम ने सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तब फर्जी पुलिसकर्मी के बारे में जानकारी मिली। जिस फर्जी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी की गई है, वह अक्सर राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में घूमता रहता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से जो आईडी कार्ड जब्त किया है, उसमें नाम अलग दर्ज होना पाया गया है।

### पुलिस वालों को ट्रांसफर...

आरोपी की कार में गंज थाने के टीआई की फर्जी सील बरामद होने की जानकारी मिली है। पुलिस द्वारा आशीष के कब्जे से दो लाख रुपए कैश जब्त करने की बात सामने आई है। इसके अलावा जालसाज द्वारा अलग-अलग लोगों से मामला निपटाने के नाम पर उगाही करने की जानकारी पुलिस को मिली है। फर्जी पुलिस मामले में आने वाले दिनों में पुलिस महत्वपूर्ण खुलासा कर सकती है। आशीष से पुरानी बस्ती पुलिस पूछताछ कर रही है।

### राजधानी को छोड़ बाकी क्षेत्रों में आधी...

अनुसार मंगल-बुधवार की दरम्यानी रात अभनपुर में 45.6, आरंग में 14.3, धरसींवा में 42.3, गोबरा-नवापारा में 45.7, खरोरा में 28.4, लाभांडी में 20, माना में 56, मंदिर हसौद में 47.7, लालपुर में 27.7, रायपुर शहर में 17.6 तथा तिल्दा में 46 मिमी. बारिश हुई। बुधवार को दिन में मौसम सामान्य रहने की वजह से तेज धूप, उमस की समस्या बनी रही। अगले चौबीस घंटे में वर्षा की गतिविधि बस्तर के कुछ इलाकों में रहने का अनुमान है। अभी मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, दमोह, पेण्ड्रारोड, संबलपुर चिन्हित निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है ।

# विद्युत मंडल अभियंता संघ ने अटल नगर में रियायती आवास आबंटन का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मुख्यमंत्री को लिखा पत्र
■ विभाग के अधिकारी कर्मचारी के लिए आवासीय सुविधा के लिए किया ध्यान आकर्षित

छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ राज्य के विद्युत कंपनियों के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए

अटल नगर में आवासीय ब्लाक में रियायती आवंटन का आग्रह किया है। संघ के महासचिव इंजीनियर डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा है, राज्य की विद्युत कंपनियों का नया मुख्यालय अटल नगर नया रायपुर में प्रस्तावित है। वर्तमान में अधिकतर कर्मचारी व अधिकारी डंगनिया रायपुर तथा उसके आस-पास निवासरत हैं। नवा रायपुर में सीमित आवासीय सुविधाओं के कारण वहां स्थानांतरण अथवा आवास निर्माण खरीद को लेकर कर्मचारियों में अनिश्चितता एवं संशय की स्थिति बनी हुई है। इस संदर्भ में संघ का मानना है, यदि अटल नगर में विद्युत कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए उपयुक्त ब्लाक-सेक्टर को रियायती दर पर आवंटित किया जाए, तो इससे उन्हें समीपवर्ती आवासीय वातावरण मिलेगा। साथ ही नवा रायपुर में एक सुव्यवस्थित आवासीय ढांचे का विकास होगा।

## खबर संक्षेप

### विसर्जन के दौरान तीन श्रद्धालुओं की मौत, 50 लाख मुआवजे की मांग

**रायपुर।** जशपुर के बगीचा में गणेश विसर्जन के दौरान 3 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर



चरणदास महंत ने कहा कि, जशपुर दुर्गा विसर्जन के दौरान हुई दुर्घटना पर भाजपा ने एक करोड़ मुआवजा मांगा था ,अब जशपुर के बगीचा में गणेश विसर्जन दुर्घटना हुई 3 लोगों की मौत में सिर्फ 5 लाख क्यों दे रही है। अभी ओपी चौधरी सरकार में वित्तमंत्री हैं उन्हें इस बात का स्मरण होना चाहिए कि उन्होंने जशपुर की हीं घटना पर तत्कालीन सरकार से 50 लाख रुपए मुआवजे की बात कही थी, आज उसे स्वीकार कर पीड़ित परिवार को सहायता करनी चाहिए।

### बांड राशि के खिलाफ सीजीडीएफ का पोस्टकार्ड अभियान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरशन ने राज्य के बांडेड डॉक्टर्स के लिए उच्च शिक्षा हेतु एनओसी प्रक्रिया में अनिवार्य की गई 25 से 50 लाख रुपये की संपत्ति गिरवी रखने या बैंक जमानत की कठोर शर्त को तत्काल समाप्त करने की मांग की है। फेडरेशन के अनुसार, यह अनिवार्यता राज्य के मेधावी और प्रतिबद्ध डॉक्टरों की उन्नत शिक्षा प्राप्त करने की राह में एक बड़ी बाधा है। एनओसी रूल को हटाने के लिए पोस्ट कार्ड अभियान की शुरुआत की गई है जो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भेजा जाएगा।

### चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़िया कलाकारों की अनदेखी का विरोध

**रायपुर।** विश्व प्रसिद्ध चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़िया कलाकारों को मंच नहीं प्रदान करने को लेकर बुधवार को राजधानी रायपुर में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। छत्तीसगढ़िया कलाकारों के सम्मान में गुरुघासीदास चौक (घड़ी चौक ) से जिलाधीश कार्यालय तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में पार्टी ने छत्तीसगढ़ के कलाकारों को चक्रधर समारोह से अलग करने और प्रदेश से बाहर के कलाकारों को मंच प्रदान करने पर नाराजगी जताते हुवे छत्तीसगढ़िया कलाकारों को सम्मान देने का माँग किया है।

# इलाज के दौरान महिला की मौत, स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर उठा सवाल, सीएमएचओ ने कहा- जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सुरक्षित प्रसव के बाद कॉपर-टी लगाने और गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर करने बरती गई गंभीर लापरवाही के मामले में मंदिर हसौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर सवाल उठाया गया है। परिवारवालों द्वारा भीम रेजिमेंट के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकीय स्टाफ पर कार्रवाई की मांग की गई है। मामले में सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने आवश्यक जांच कराने की बात कही है। मंदिर हसौद के ग्राम छतौना में रहने वाली पूनम जोशी को दो दिन पहले सामुदायिक स्वास्थ्य से स्थिति गंभीर होने पर आगे इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल भेजा गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। परिवार वालों ने आरोप लगाया था कि सीएचसी में प्रसव के बाद बिना जानकारी के कॉपर-टी लगाने में लापरवाही की गई, जिससे पूनम को रक्तस्त्राव हुआ और उसकी हालत बिगड़ गई थी। परिवार वालों का कहना है कि अगर सही समय पर चिकित्सकीय स्टाफ उसे आंबेडकर अस्पताल भेज देता, तो उसकी जान बच सकती थी। इसे लेकर बुधवार को परिवार वालों ने भीम रेजिमेंट

- इलाज के दौरान महिला की मौत, स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर उठा सवाल, सीएमएचओ ने कहा- जांच होगी
- प्रसव के बाद कॉपर-टी लगाने में लापरवाही, रेफर करने में भी देर का गंभीर आरोप



के पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर एवं जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नाम मंदिर हसौद के तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, इसके बाद भी वहां के डाक्टर सहित अन्य स्टाफ ने पूनम का इलाज करने का जोखिम उठाया था। चिकित्सकीय स्टाफ के तर्क के अनुसार पूनम का एचबी कम था तो उसे बड़े अस्पताल रेफर करना था, मगर स्टाफ ने ऐसा नहीं किया था। इस मामले में आवश्यक जांच के बाद जिम्मेदार डाक्टर सहित अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस मामले में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने कहा कि मामले की जानकारी उन्हें हुई, जिसकी आवश्यक जांच कराई जाएगी। जांच में किसी की लापरवाही पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सालभर में दो और मामले

प्रसव के मामले में लापरवाही बरतने के सालभर में दो मामले रायपुर जिले में पूर्व में भी सामने आए थे। इसमें जुलाई 2024 में उरला के स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय स्टाफ की लापरवाही की वजह से दो नवजात की मौत हो गई थी। वहीं जून 2025 में बिरगांव स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय स्टाफ की लापरवाही के कारण एक महिला ने दम तोड़ दिया था। दोनों प्रकरण में सीएमएचओ की कमेटी की जांच के बाद दोषी कर्मचारियों के खिलाफ बर्खास्तगी और निलंबन की कार्रवाई की गई थी।

### गुढ़ियारी पड़ाव में शिवजी के स्वरूप की झलक

# तात्यापारा में रजवाड़ा थीम का पंडाल कलयुग के धूमकेतु अवतार में गणपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में इन दिनों गणेशात्सव की धूम मची है। शहर के अलग-अलग इलाकों में एक से बढ़कर एक पौराणिक दृश्यों को जीवंत स्वरूप में प्रस्तुत करती मनोहारी प्रतिमाएं लोगों को बरबस ही अपनी ओर लुभा रही हैं। इनमें 105 साल पुराने श्री गुढ़ियारी गणेशोत्सव समिति गुढ़ियारी पड़ाव के 15 हजार वर्गफीट क्षेत्र में शिव की महिमा दर्शाती स्थल झांकी देखते ही बन रही है। 3 अलग-अलग हिस्सों में दृश्य और संगीत के साथ चलने वाली नयनाभिराम 40 से 45 मूर्तियों में कहीं पर कैलाश पर्वत उठाते लंकापति रावण दिखेंगे, कहीं शिवजी काका अर्धनारीश्वर स्वरूप की झलक मिलेगी। सावन पूजा का दृश्य भी प्रस्तुत किया गया है। इसी तरह तात्यापारा के गणेश पंडाल को रजवाड़ा थीम पर सुंदर स्वरूप दिया गया है। इसमें गणेश जी कलयुग धूमकेतु अवतार में दर्शकों को नजर आ रहे हैं।





### गुढ़ियारी पड़ाव की झांकी शिवजी की थीम


राजधानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग सपरिवार गुढ़ियारी पड़ाव की स्थल झांकी देखने पहुंच रहे हैं। इस बार भगवान शिव के स्वरूप पर केन्द्रित आकर्षक स्थल सजावट वाली झांकी को 3 हिस्सों में दर्शाया गया है। सुमधुर संगीत के साथ रंगीन रोशनी के बीच चलित दृश्य में कैलाश पर्वत उठाते लंकापति रावण को देखा जा सकता है। इसी तरह गंगा अवधूत और समुद्रमंथन का दृश्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। साथ ही भगवान शंकर के अर्धनारीश्वर स्वरूप का दर्शन स्थल झांकी में दर्शाया गया है। शिव आरती का प्रसंग आयोजन समिति ने शामिल किया है। दुर्ग के प्रकाश वैष्णव ने 15 हजार वर्गफीट क्षेत्र में इस बार 45 से 50 अलग-अलग मूर्तियों को तैयार कर इसे सजीव रूप दिया है। इसमें नवग्रहों के साथ गणेश जी की सुंदर प्रतिमा विराजित है।

### नीले रंग के घोड़े पर सवारी करते गणपति के दर्शन करने लगी भीड़

श्री भारतीय समाज तात्यापारा गणेशोत्सव समिति ने इस बार रजवाड़ा थीम पर गणेश पंडाल को सुंदर स्वरूप दिया है। इसमें गणेश जी कलयुग के धुमकेतु अवतार में दिख रहे हैं। नीले रंग के घोड़े पर सवारी करते गणपति के कलयुगी अवतार को दर्शाया गया है। इसका ऐतिहासिक जिक्र भी है, जिसमें यह बताया गया है कि कर्नाटक राज्य में मैसूर से 50 किलोमीटर दूर तालकाडू में 5 मंदिर हैं, जिन्हें पंचलिंग कहा जाता है और वैद्य नाथेश्वर मंदिर उनमें से एक है। इन मंदिरों में भगवान शिव के अलग-



अलग स्वरूपों की पूजा होती है। वैद्य नाथेश्वर मंदिर में भगवान शिव को वैद्य नाथेश्वर के रूप में पूजा जाता है। इन मंदिरों का निर्माण 10वीं 14वीं शताब्दी के बीच गंग और चोल राजवंश के काल में हुआ था। यह मंदिर कावेरी नदी के किनारे स्थित है। इस मंदिर में भगवान गणपति के कलयुगी अवतार की पूजा होती है। गणेश पुराण के अनुसार गणेशजी कलयुग में नीले घोड़े पर सवार होकर धूमकेतु नाम से अवतार लेकर भक्तों के लिए आएंगे। इसीलिए इस वर्ष इस थीम को खास तौर दर्शाया गया है।



### गोलबाजार के गणेश पंडाल में खाटू श्याम का दरबार

श्री गोलबाजार व्यापारी संघ गणेशोत्सव समिति द्वारा राजिम के कृष्णा मूर्तिकला के मूर्तिकार द्वारा निर्मित गणेश जी चित्ताकर्षक प्रतिमा स्थापित की है। गणेश पंडाल में इस बार खाटू श्याम का दरबार की झलक नजर आ रही है। इसमें राजा बरबरिक भगवान श्रीकृष्ण को शीशदान करते दिख रहे हैं। इसके साथ ही स्थल झांकी में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा महाभारत की रचना करते दर्शाई गई है। समिति के अध्यक्ष अभिलाष अवचट, सचिव निहाल अवचट और कोषाध्यक्ष हर्ष अवचट ने बताया कि पिछले बार आम बगीचा में लेटे भगवान श्रीराम और उन्हें पंखा झलते हनुमान वाली स्थल झांकी प्रस्तुत की गई थी।

# पीपीपी मोड पर संचालित होगा जगदलपुर सुपरस्पेशलिटी अस्पताल

### तेलंगाना के कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल से हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जगदलपुर में बनकर तैयार सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तेलंगाना के कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की मौजूदगी में अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है। 240 बेड की क्षमता वाले इस 10 मंजिला हास्पिटल में हार्ट, किडनी, न्यूरो, यूरो सहित पेट से संबंधित बीमारियों के उपचार की सुविधा रहेगी। मरीजों को यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सरकारी दर पर उपचार प्रदान करेगी।

जगदलपुर का सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल काफी समय पहले से बनकर तैयार है, इसका संचालन मेकॉज के माध्यम से किया जाना था। मानव संसाधन की कमी की वजह से इसकी शुरुआत नहीं हो पा रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए बस्तर के लोगों के स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास के लिए पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप योजना के तहत इसका संचालन किए जाने की योजना बनाई गई थी। बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में चिकित्सा शिक्षा विभाग और छत्तीसगढ़ और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच एमओयू हुआ। यह अनुबंध प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत किया गया है। एमओयू के दौरान वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. प्रियंका शुक्ला, एनएमडीसी के अधिकारी जयदीप दास गुप्ता एवं श्रीनिवास राव तथा कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल हैदराबाद के अध्यक्ष डॉ. गुरुनाथ रेड्डी, डॉ. रघुनाथ रेड्डी और केवी रेड्डी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधाएं : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आदिवासी अंचलों सहित प्रदेश के हर नागरिक तक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें। आठ वर्ष पूर्व इस अस्पताल के निर्माण की शुरुआत की गई थी और आज जब छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती मना रहा है, तब इस एमओयू का होना ऐतिहासिक महत्व रखता है। बस्तर के लोग लंबे समय से उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रहे हैं, किंतु अब यह अस्पताल उनके लिए वरदान साबित होगा। विशेषकर नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के लिए यह जीवनरक्षक सिद्ध होगा। पहले घायल जवानों को एयर एंबुलेंस से रायपुर भेजना पड़ता था, अब जगदलपुर में ही उन्हें अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध होगा।

### हर संभव संसाधन उपलब्ध होगा : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। बस्तर अंचल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना राज्य और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। पहले ये सेवाएं केवल रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में उपलब्ध थीं, लेकिन अब बस्तर के लोग भी इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगा। इससे बस्तर अंचल के लाखों लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और बड़े शहरों पर उनकी निर्भरता कम होगी।

### केंद्र के 120, राज्य के 80 करोड़

स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने बताया कि इस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण पर 200 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें से 120 करोड़ रुपये केंद्र सरकार और 80 करोड़ रुपये राज्य सरकार ने वहन किए हैं। एनएमडीसी ने भी इस परियोजना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह अस्पताल 11 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और अत्याधुनिक मशीनों एवं उपकरणों से सुसज्जित है। सरकारी दर पर उपलब्ध इन सेवाओं का लाभ न केवल बस्तर संभाग बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देशभर के मरीज उठा सकेंगे।

## बिजनेस साइट

# राडा पदाधिकारियों ने की परिवहन मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य भेंट



**रायपुर।** रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) की टीम ने छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त परिवहन मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर राडा के पदाधिकारियों ने मंत्री को उनके नवीन दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही, राडा की टीम ने परिवहन विभाग द्वारा किए गए डिजिटलाइजेशन की सराहना की। इस मुलाक़ात के दौरान राडा अध्यक्ष रविंदर भसीन, कैट इंडिया के वाइस चेयरमैन अमर परवानी, फाडा के पूर्व अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया, राडा के पूर्व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल व विवेक गर्ग, राडा के वाइस प्रेसिडेंट कैलाश खेमानी और सचिव विवेक अग्रवाल मौजूद रहे। राडा की टीम ने परिवहन मंत्री से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, साथ ही विभाग के साथ अब तक किए गए सहयोगात्मक कार्यों की जानकारी भी दी। मंत्री केदार कश्यप ने राडा के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि विभाग भविष्य में भी ऑटोमोबाइल सेक्टर के साथ मिलकर कार्य करता रहेगा और प्रदेश के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।


- डिजिटल परिवहन व्यवस्था की सराहना, भविष्य में सहयोग पर हुई चर्चा




# डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल क्लिनिक में चर्म एवं सौंदर्य समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान

**रायपुर।** अब चर्म एवं गुप्त रोगों के साथ-साथ सौंदर्य संबंधी समस्याओं का संपूर्ण और आधुनिक इलाज शहर के हृदयस्थल में उपलब्ध है। डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल (चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ) की क्लिनिक, रायपुर के बैरन बाजार क्षेत्र में छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने और सिटी कोतवाली के पास स्थित है। यह अत्याधुनिक क्लिनिक त्वचा और सौंदर्य उपचार के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित है। यहां लेजर हेयर रिमूवल, हाइड्रो फेशियल, कार्बन फेशियल, केमिकल पीलिंग, रेडियोफ्रिक्वेंसी जैसी सेवाएं दी जा रही हैं, जो त्वचा की देखभाल में सहायक हैं। इसके अलावा एलर्जी टेस्ट, बायोप्सी, डर्मारोलर और माइक्रोडर्माब्रेजन जैसे चिकित्सा भी यहां उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि क्लिनिक में त्वचा की समस्याओं के साथ-साथ सौंदर्य परामर्श की सुविधा भी प्रदान की जाती है, जिससे रोगी अपनी त्वचा की बेहतर देखभाल कर सके।

# अपनामार्ट का डबल धमाल ऑफर आज, जबरदस्त बचत का मौका




**रायपुर।** अपना मार्ट अपने ग्राहकों के लिए धमाकेदार ऑफर - मालामाल थर्सडे और होलसेल हफ्ता एक साथ एक साथ लेकर आया है। गुरुवार को ग्राहक 1000 रु की शॉपिंग पर 600 से ज्यादा आइटम्स पर होलसेल रेट्स का फायदा उठा सकते हैं। वहीं 500 रु की खरीदारी पर मिलेंगे 2 किलो आलू और 2 किलो प्याज भारी छूट पर। यह ऑफर स्टोर पर 499 और ऐप पर 699 की शॉपिंग पर मान्य है। 7 सितंबर तक चलने वाले होलसेल हफ्ते का लाभ अब तक 1.5 लाख से ज्यादा ग्राहक उठा चुके हैं। औसतन हर ग्राहक ने 1500 से अधिक की बचत की है। इसके अलावा, 2000 की खरीदारी पर मिलेगा 100 का कूपन और 4000 की शॉपिंग पर ग्राहकों को स्पेशल गिफ्ट मिलेगा। जिसमें ग्लास सेट, बाउल सेट या किचन चॉपर शामिल है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# यूरिया की कमी एवं कालाबाजारी के विरोध में जिला पंचायत सदस्यों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यूरिया खाद की कमी एवं कालाबाजारी के विरोध में बुधवार को आधा दर्जन से अधिक जिला पंचायत रायपुर के सदस्यों ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष के बाहरी परिसर में बैनर-पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस प्रदर्शन के दौरान सदस्य यशवंत साहू एवं वतन चंद्राकर ने कहा कि धान की रोपाई के बाद किसानों को फसलों को सुरक्षित एवं ग्रोथ के लिए यूरिया खाद की आवश्यकता होती है।

अगर फसलों को यूरिया खाद नहीं मिली, तो वह खराब हो जाएगी। ऐसे समय में प्रशासन किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराने में नाकाम रहा है। इस वजह से यूरिया की कालाबाजारी हो रही है, जिससे किसानों को भी अपनी फसल बचाने के लिए दो से तीन गुना अधिक कीमत देकर खरीदना पड़ रहा है।



### यूरिया की बोरी रखकर किया प्रदर्शन

प्रदर्शन करने वाले जिला पंचायत सदस्यों में यशवंत साहू, वतन चंद्राकर के साथ पूजा लोकमनी कोसले, भीनु सुजी गिधोड़े एवं हेमंत कश्यप थे। इन सभी ने यूरिया खाद से भरी कुछ बोरियों में कालाबाजारी का रेट एक हजार रुपए लिखकर प्रदर्शन किया। सहकारी सोसाइटी में इस यूरिया बोरी की कीमत 266 रुपए है, जिसे बाजार में 750 रुपए से लेकर 12 सौ रुपए तक बेचा जा रहा है।

### सामान्य सभा में लहराया हरिभूमि

हरिभूमि ने रायपुर सहित कई जिलों में यूरिया खाद की कालाबाजारी एवं सोसाइटियों में नहीं मिलने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की है। जिला पंचायत के सदस्यों ने कलेक्टोरेट के बाहर इस प्रकाशित खबर की कॉपी को हाथ में लेकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक के दौरान भी सदस्य यशवंत साहू ने हरिभूमि अखबार को लहराते हुए यूरिया खाद की कालाबाजारी मुद्दे को जोरशोर से उठाया। यशवंत साहू ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर सदन में संबंधित विभाग के अधिकारियों से सोसाइटियों में यूरिया की उपलब्धता एवं कालाबाजारी रोकने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं, इस संबंध में जानकारी मांगी, जिसके जवाब में अधिकारी सोसाइटियों में यूरिया का पर्याप्त स्टॉक होने की गलत जानकारी देते रहे। इसे लेकर अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने भी अधिकारियों से कहा कि वे सोसाइटी में किसानों को मांग के अनुसार यूरिया खाद की व्यवस्था कराएं तथा कालाबाजारी करने वाली दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

# प्रशासनिक अनियमितताओं से हलाकान छात्रों ने घेरा विवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में मूलभूत समस्याओं और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर छात्रों ने जमकर हल्ला बोला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा यह धरना-प्रदर्शन किया गया। छात्रों का आरोप है कि विगत दो वर्षों से शोधार्थियों को शोधवृत्ति का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनकी शैक्षणिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। प्राथमिक उपचार के लिए किसी प्रकार की चिकित्सा व्यवस्था नहीं होने के कारण कई बार छात्रों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। कई बार मांग के बाद भी व्यवस्था नहीं किया जाना, विवि की संवेदनहीनता को दर्शाता है। विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों के लिए भी आवाज उठाते हुए विद्यार्थी परिषद ने संबद्ध अन्य महाविद्यालयों के अनुरूप वेतनमान तत्काल देने की मांग की है। नारेबाजी करते हुए छात्रों ने घंटेभर तक विवि का प्रशासनिक भवन घेरे रखा।

**दो वर्ष पूर्व आवेदन, लेकिन भर्ती ठप**

प्रदर्शनकारी छात्रों ने इस दौरान कहा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव के विरुद्ध गंभीर शिकायतों के बावजूद 8 माह पूर्व राज्यपाल कार्यालय द्वारा जारी आदेश पर कार्यवाही न होना सीधा चिंताजनक स्थिति एवं अकर्मण्यता को दर्शाता है। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी भर्ती के लिए दो वर्ष पूर्व आवेदन लिए गए थे, लेकिन आज तक परीक्षा आयोजित न होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा, यदि विश्वविद्यालय छात्रों की मूल समस्याओं का समाधान करने में असमर्थ है तो यह विश्वविद्यालय के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा करता है।



02



गंगा अवतरण नृत्य से जीवंत की ...

## शहर में विराजे गणपति



श्री बजरंग गणेशोत्सव समिति श्री हनुमान मंदिर, वृंदावन नगर कुशालपुर



श्री दंतेश्वरी किशोर समाज गोपिया पारा



श्री शिव समता गणेशोत्सव समिति, समता कॉलोनी



शिव शक्ति परिवार श्याम नगर चौक



तेलीबांधा गली नंबर 5 योगेश पंजवानी गणेशोत्सव



रॉयल क्लब गणेशोत्सव समिति गली नंबर 6 तेलीबांधा



दूधाधारी मठ परिसर में विराजे श्री गणेश

### प्रदेश की पहली राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस में फॉरेंसिक की पढ़ाई शुरू

# क्राइम सीन-फॉरेंसिक साइंस और फोटोग्राफी की सीख रहे बारीकियां, लग रही स्मार्ट क्लास

प्रदेश की पहली राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय में नवप्रवेशी छात्रों की पहली बैच की कक्षाएं शुरू हो गई हैं। नए फेकल्टी की टीम कक्षा में स्टूडेंट्स को फॉरेंसिक फोटोग्राफी और क्राइम सीन सब्जेक्ट पढ़ा रहे हैं। राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय की 2025-26 शिक्षण सत्र के अंतर्गत अगस्त से विश्वविद्याल में फॉरेंसिक साइंस की दो संकाय एमएससी फॉरेंसिक साइंस और एमएससी डिजिटल फॉरेंसिक एंड इंफॉरमेशन सिक्योरिटी की पढ़ाई प्रारंभ की गई है।

**रायपुर।** सेजबहार स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस की ई-ब्लॉक भवन में प्रदेश की पहली **राष्ट्रीय** न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस की शुरुआत हो गई है, जहां फॉरेंसिक साइंस के नवप्रवेशी स्टूडेंट्स अपनी संबंधित संकायों की पढ़ाई कर रहे हैं। राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार प्रवीन कुमार ने बताया कि विवि कैंपस में इस सत्र से फॉरेंसिक साइंस की दो संकाय प्रारंभ हुई हैं। इसमें स्कूल ऑफ फॉरेंसिक साइंस के अंतर्गत एमएसी फॉरेंसिक साइंस संकाय और स्कूल ऑफ साइबर सिक्योरिटी एंड डिजिटल फॉरेंसिक के अंतर्गत एमएएसी डिजिटल फॉरेंसिक एंड इंफॉरमेंशन सिक्योरिटी संकाय शामिल हैं। सुबह 10.30 बजे से सैद्धांतिक स्डटी की क्लासेस और दोपहर 2.30 बजे से प्रायोगिक कक्षाएं संबंधित फैकल्टी के असिस्टेंट प्रोफेसर्स स्टूडेंट्स को पढ़ा रहे हैं। अभी राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस में प्रयोगशाला, फैकल्टी मेंबर्स जैसी फैसिलिटी शामिल करने की प्रक्रिया चल रही है।







### सैद्धांतिक व प्रायोगिक सब्जेक्ट पढ़ा रहें

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस में नए बैच के लिए फिलहाल तीन फैकल्टी उपलब्ध कराया गया है। एमएससी फॉरेंसिक साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. महेश वासावा ने बताया कि एमएससी फॉरेंसिक साइंस कक्षा की शुरुआत स्टूडेंट्स को उनके सबजेक्ट की सैद्धांतिक व प्रायोगिक स्टडी कराई जा रही है। वहीं, एमएससी डिजिटल फॉरेंसिक एंड इंफॉरमेशन सिक्योरिटी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रविराज सिंह वाघेला और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आकांक्षा सिंह कछवाहा ने बताया कि क्राइम सीन की प्रायोगिक स्टडी पढ़ा रहे हैं।

### विकसित की जा रही आधुनिक प्रयोगशाला

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने बताया कि विवि में स्मार्ट क्लास रूम के साथ-साथ आधुनिक प्रयोगशाला विकसित किया जा रहा है, जिसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी, डीएनए, फिंगरप्रिंट्स, क्राइम सीन मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइबर से जुड़े आधुनिक लैब शामिल होंगे। इसके अलावा फिलहाल फिल्ड प्रयोग के लिए राज्य फॉरेंसिक डिपार्टमेंट के लैब में भी स्टूडेंट्स एक्सपर्ट के साथ प्रयोगात्मक स्टडी करेंगे। साथ ही मोबाइल फॉरेंसिक लैब भी स्टूडेंट्स की फील्ड ट्रेनिंग व जांच के लिए ली जाएगी।

### फॉरेंसिक साइंस में सेलेक्ट होने की खुशी, कैंपस भी अच्छा

एमएससी फॉरेंसिक साइंस संकाय की कक्षा में पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स सुर्यांश शुक्ला और जेसिका ने कहा कि नेशनल फॉरेंसिक साइंस विश्वविद्यालय की एमएससी फॉरेंसिक साइंस संकाय में प्रवेश पाकर वे बहुत खुश हैं। हमारी क्लास रूम से लेकर विश्वविद्यालय का पूरा कैंपस भी शानदार है। फैकल्टीज प्रोफेसर भी सब्जेकट्स को अच्छे से स्टडी करा रहे हैं।



### 35 स्टूडेंट्स के साथ पहली बैच की शुरुआत

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय की पहली बैच की शुरुआत दो संकाय एमएससी फॉरेंसिक साइंस और एमएससी डिजिटल फॉरेंसिक एंड इंफॉरमेशन सिक्योरिटी में 35 स्टूडेंट्स के साथ की गई है। विवि के रजिस्टार ने बताया कि एमएससी फॉरेंसिक साइंस के लिए रायपुर से 260 स्टूडेंट्स और एमएससी डिजिटल फॉरेंसिक एंड इंफॉरमेशन सिक्योरिटी में एडमिशन के लिए 115 स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था। स्टूडेंट्स के उपलब्धता के अनुसार संकायों की शुरुआत की गई है। आने वाले सत्र में फॉरेंसिक साइंस के दूसरे संकाय भी प्रारंभ किया जाएगा।

# 'साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर थीम' पर माना में सजी प्रदर्शनी

**रायपुर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय माना कैंप में विद्यालय समिति द्वारा 3 और 4 सितंबर को दो दिवसीय 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025- 26 का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। छात्राओं द्वारा सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्रदर्शनी में उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ सलाहकार नवोदय विद्यालय समिति एवं क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल डॉ. वी. मुनिरमैया द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में टीके मरकाम आईटीएस, प्रमुख महाप्रबंधक, बीएसएनल रायपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल भी शामिल हुए। उन्होंने क्लस्टर एवं क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों द्वारा 'साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर थीम' और सब थीम पर प्रदर्शित मॉडलों एवं परियोजनाओं पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रोत्साहित किया।





### अतिथि बोले-अपने ज्ञान को बढ़ाते रहें

अतिथियों ने कहा कि विज्ञान में नवाचार लाना एवं विकसित भारत बनाना आपके हाथ में है। यह मॉडल भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। सभी प्रतिभागी इस तरह की रचनात्मकता को जुनून के साथ वास्तविक दुनिया की समस्याओं से भी निपटने के लिए अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ाते रहें। अंत में विद्यालय की प्राचार्य लक्ष्मी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रदर्शनी का सफल संचालन मोहम्मद रफी पीजीटी जीव विज्ञान और वीणा शर्मा पीजीटी भौतिकी द्वारा किया गया। अंत में औपचारिक रिबन कटिंग के बाद प्रदर्शनी आधिकारिक रूप से शुरू की गई।

# आदि वाणी, भारत का पहला एआई आधारित जनजातीय भाषा अनुवादक

**रायपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 'आदि वाणी' का बीटा संस्करण लॉन्च किया है, जो देश का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-संचालित जनजातीय भाषा अनुवाद प्लेटफार्म है। यह पहल भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह प्लेटफ़ॉर्म आईआईटी दिल्ली, बिट्स पिलानी, आईआईआईटी हैदराबाद और आईआईआईटी रायपुर जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के जनजातीय शोध संस्थान शामिल हैं। यह प्लेटफार्म हिंदी, अंग्रेज़ी और जनजातीय भाषाओं के बीच टेक्स्ट और स्पीच का वास्तविक समय अनुवाद सक्षम बनाता है। इसमें नो लैंग्वेज लेफ्ट बिहाइंड जैसे उन्नत एआई मॉडल का उपयोग किया गया है, जो सटीक और सन्दर्भ-आधारित अनुवाद सुनिश्चित करते हैं।



### स्कैन मात्र से दस्तावेज़ व सरकारी अभिलेख भी जनजातीय भाषा में अनुवाद

आदि वाणी केवल एक अनुवादक ही नहीं है, बल्कि इसमें कई उन्नत सुविधाएं भी शामिल की गई हैं। इसमें टेक्स्ट -से- टेक्स्ट अनुवाद की सुविधा है, जिसके माध्यम से हिंदी, अंग्रेज़ी और जनजातीय भाषाओं में सहज रूपांतरण संभव है। इसकी टेक्स्ट-से- स्पीच सुविधा से अनुवादित पाठ को प्राकृतिक आवाज़ में परिवर्तित किया जा सकता है। इसमें ओसीआर आधारित अनुवाद भी है, जिसके द्वारा स्कैन किए गए दस्तावेज़ों, लिपियों और सरकारी अभिलेखों से टेक्स्ट को निकालकर उसका अनुवाद किया जा सकता है।

### राजधानी में नवरात्रि से पहले ही सजने लगा गरबा ड्रेस मटेरियल और ज्वेलरी

# गरबा मैदान में चौकड़ी-छकड़ी की जुगलबंदी के लिए अभ्यास बाजार में प्रतिभागी अभी से बुक करवा रहे ड्रेस और ज्वेलरी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** फेस्टिवल का सीजन शुरू होते ही बाजार नए और ट्रेंडी सामानों से सजने लगे हैं। नवरात्रि भले ही अभी लगभग 20 से 25 दिन दूर है, लेकिन मार्केट त्योहार के लिए पूरी तरह से सजकर तैयार है। कई जगहों पर गरबा सिखाने के लिए वर्कशॉप का सिलसिला चल रहा है। गरबा मैदान में प्रतिभागी चौकड़ी-छकड़ी की जुगलबंदी करने के लिए तैयारी करने लगे हैं। मार्केट में गरबा ड्रेस के साथ मेंचिग एसेसरीज की मांग हैं। अब ड्रेस, ज्वेलरी रेंट पर लेने के लिए लोग पहले से ही बुकिंग करवाने लगे हैं। गरबा प्रेमी विशेष पहनावे को अब खरीद रहे हैं। शहर के गोलबाजार, संतोषी नगर सहित पुरानी बस्ती के दुकान मालिक बताते हैं कि इस बार नवरात्रि में गरबा मैदान में धूम मचाने के लिए लोगों ने अभी से अपनी पसंद के गरबा ड्रेस की तलाश शुरू कर दी है। गरबा ड्रेस दुकान की ऑनर प्रेरणा ने बताया कि दुकान में रेंट, होलसेल और रीटेल ड्रेस की खरीदारी लोग करने लगे हैं। बच्चों और यूथ के लिए आउटफिट के साथ ही मेंचिग एसेसरीज, चश्मे की डिमांड हैं।





### झुमके और मोर-पंख में डिजाइन कंगन की मांग

गोल बाजार में भी दुकानों में गरबा ड्रेस 300 रुपए से शुरू है। कई डिजाइन में सस्ते दामों में हर वर्ग के लिए आउटफिट की खरीदारी की जा रही है। पुराने और नए दोनों डिजाइन की मांग है। रेडिमेट ज्वेलरी हाथों के मोर-पंख में डिजाइन कंगन, गले का चोकर, कौड़ी या घुंघरू वाली पायल, छोटे-छोटे मिरर से बना इयररिंग्स, ऑक्सीडाइज़्ड झुमके की ब्रिकी हो रही है।



### गरबा के लिए हैंडमेंड चनिया चोली की डिमांड

मार्केट में हैंडमेंड गरबा ड्रेस की मांग हैं, जिसे कारीगर बारीकी से बनाते हैं। गोलबाजार में दुकान संचालिका नीता सिंघनिया ने बताया कि हर साल कुछ नया लेकर आते हैं। दुकान में बच्चे, यूथ के लिए गरबा परिधान डिजाइन किया है। लहंगे को हाथ की कढ़ाई से इस बार भी तैयार करवा रहे हैं। युवतियों के लिए भारी वर्क और ज्यादा घेरा वाले चनिया चोली हैं। इसे कारीगरों ने धागे से प्लेन लहंगे को हैवी डिजाइन किया है। इनमें टाई-डाई (बांधनी), अभला (बड़े शीशे) या मोटे गुजराती बॉर्डर जैसे पारंपरिक डिजाइन हैं। जो गरबा खेलते समय बेहद सुंदर और आकर्षक दिखाई देता है। इसके साथ हाथों के लिए धागों से बना कड़ा, चूड़ी और बालों के लिए रंग-बिरंगे क्लिप व मेंचिग गले का सेट उपलब्ध है। चनिया चोली की कीमत 500 से 2500 रुपए तक हैं। वहीं, एसेसरीज 50 से 500 रुपए तक में खरीदा जा रहा है।

### गरबा को उत्सव का रूप देंगे खास परिधान

उन्होंने बताया कि दुकान में ग्राहक नए-नए डिमांड लेकर आते हैं। इसलिए, कई तरह के लुक में आउटफिट उपलब्ध करवा रहे हैं। अभी प्लेन ड्रेस का ट्रेंड चल रहा है। युवतियों के द्वारा इनकी डिमांड इस सीजन में सबसे ज्यादा की जा रही हैं। चनिया चोली में दस कली, बारह कली का घेरा, प्लेन डिजाइन, हाथी प्रिंट, रंग-बिरंगे लेस वर्क, छोटे-छोटे कोड़ी से बना डिजाइन और ज्यादा घेरे की मांग बढ़ गई हैं। उन्होंने बताया कि चनिया चोली प्लेन रहे तो उसके साथ हैवी वर्क, बैकलेस ब्लाउज के साथ मैच करके पहन सकते हैं। आगे बताया कि युवाओं और बच्चों के लिए शार्ट कुर्ता, टू-पीस, थ्री पीस के साथ रंग-बिरंगे चश्मों की खरीदारी हो रही हैं। रेंट परचनिया चोली और मेंचिग एसेसरीज का रेट 200 से 800 रुपए तक हैं। वहीं, युवाओं और बच्चों के लिए 150 से 700 रुपए तक की रेंज में परिधान उपलब्ध हैं। मैंचिग एसेसरीज में चोकर, कंगन, बाली,बोहो ब्रैड्स का 150 से 200 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराया देकर लोग बुक करवा रहे हैं।

## शहर में विराजे गणपति



युनिटी गणेशोत्सव समिति, श्याम नगर तेलीबांधा



श्री शक्ति संघ गणेशोत्सव समिति, पुरानी बस्ती



श्री शिव मंदिर बाल गणेशोत्सव समिति, कुंदरा पारा बैरनबाजार



श्री राम गणेश उत्सव समिति विजय नगर अवंती विहार



जैतूसाव मठ परिसर में विराजे श्री गणेश



श्री शिव शक्ति गणेशोत्सव समिति आयोध्या नगर मठपुरेना



युवा शक्ति समिति मठपारा



स्वास्तिक गणेश उत्सव समिति सर्वोदय नगर पचपेड़ी नाका



श्री सर्वोदय गणेश उत्सव समिति पचपेडी नाका



साईं नगर जोरा में गणेश उत्सव

संस्कृति विभाग के मुक्ताकाशी मंच पर पावस प्रसंग में दूसरे दिन कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

# गंगा अवतरण नृत्य से जीवंत की भागीरथ की तपस्या, सुर-ताल से तीन पीढ़ियों की जुगलबंदी से कलाकारों ने सजाया सांस्कृतिक मंच

'पावस प्रसंग की श्रृंखला में जब एक ही मंच पर तीन पीढ़ियों ने एक साथ अपनी कला का जादू बिखेरा तो पलभर के लिए दर्शक भी मंत्रमुग्ध हुए। उनकी भावपूर्ण गंगा अवतरण और भागीरथ की तपस्या के दृश्य न केवल बुधवार की रात मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना, बल्कि दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव भी रहा। मंच पर सबसे पहले शास्त्रीय संगीतज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से माहौल को सुरमयी बनाया। वहीं, दूसरी ओर उनके पुत्र तुषार सिन्हा व पौत्री प्रसिद्धी सिन्हा की प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। कलाकारों ने रायगढ़ घराने की बंदिशों पर शास्त्रीय नृत्य को मनमोहक अंदाज में पेश किया।'

**रायपुर।** संस्कृति विभाग के मुक्ताकाशी मंच पर शासन द्वारा आयोजित पावस प्रसंग के दूसरे दिन शास्त्रीय संगीत और नृत्य की शानदार जुगलबंदी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में विभिन्न घरानों के पारंपरिक और प्रसिद्ध लोक कलाओं की मंचीय प्रस्तुति ने दर्शकों को खुशनुमा माहौल दिया। इसमें कलाकारों ने वर्षा ऋतु की रचनाओं के माध्यम से दर्शकों को एक अद्भुत सांस्कृतिक अनुभव कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रोग्राम की शुरुआत कत्थक नृत्य से हुई। इसमें युवा कलाकार आशना दिल्लीवार ने भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद स्वाति तिवारी ने शास्त्रीय गायन के माध्यम से रागों की मधुरता से वातावरण को सुरमयी बनाया। अंतिम प्रस्तुति देते हुए तुषार सिंह एवं उनके साथियों ने कत्थक नृत्य से वर्षा ऋतु के सौंदर्य का जीवंत चित्रण मंच पर किया।



### कत्थक में बादलों की गर्जना से भयभीत नायिका

पावस प्रसंग के मंच पर 15 वर्षीय नृत्यांगना आशना दिल्लीवार ने अपनी कत्थक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। शिव स्तुति कैलाशमयी घर नाशी महेश...संगीतमय स्तुति के दौरान सुर-ताल के साथ तराने और घृत ताल की उठान को कला के माध्यम से जीवंत किया। मंच पर प्रस्तुति की शुरुआत राग निया मल्हार पर आधारित रचना से हुई। इसमें वर्षा ऋतु में नायिका ने भावों को भी खूबसूरती से अभिव्यक्त किया। नर्तकी ने नृत्य के माध्यम से वर्षा के दौरान बादलों की गर्जना से भयभीत नायिका, बारिश में मस्ती करती हुई नायिका और प्रिय को याद करते हुए बारिश की बूंदों में आंसू बहाती नायिका की मनमोहक दृश्य मंच पर पेश किया। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया।







### झूला मोरे बनवारी... ठुमरी पर थिरके पांव

गायिका स्वाति तिवारी ने बनारस घराने की ठुमरी पेश करते हुए दर्शकों के मन को शांति और सुकून से भर दिया। उन्होंने झूला मोरे बनवारी... ठुमरी की मधुर और संगीतमय प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को बेहतर माहौल दिया। जिसे बनारस में राधा-कृष्ण के झूलना महोत्सव के दौरान गाया जाता है। इस गीत ने झूला झूलते समय होने वाले एहसास को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करने के सफल प्रयास किया।

### गंगा अवतरण नृत्य ने छुआ दर्शकों का हृदय

पावस प्रसंग के दूसरे दिन शास्त्रीय नृत्य 'गंगा अवतरण' का अद्भुत मंचन दर्शकों के लिए एक स्तब्ध कर देने वाला अनुभव साबित हुआ। इस नृत्य में भागीरथ की हजारों साल की तपस्या के बाद मां गंगा के उद्गम और आगमन को दर्शाया गया। माता गंगा के लोक में प्रवेश से उत्पन्न तबाही और भगवान शिव की जटाओं में गंगा के समाने के गर्व जैसे भाव अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किए गए। इस नृत्य की प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने भाव दर्शकों के जीवंत अनुभव से जोड़ने का प्रयास किया।

## छात्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, विजयी भव-जीत के सफर पर चलो अभियान का संचालन

**रायपुर।** प्रगति कॉलेज में जिला प्रशासन द्वारा 'विजयी भव-जीत के सफर पर चलो' जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम साक्षरता सप्ताह के तहत विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रखा गया। कार्यक्रम के पहले वक्ता डॉ. कामिनी बावनकर, जिला परियोजना अधिकारी ने छात्रों से शपथ ग्रहण करवाकर शिक्षा का महत्व बताया। दूसरे वक्ता डॉ. चुन्नी लाल शर्मा ने कॅरियर मार्गदर्शन देते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारण और सफलता के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं, गोरखनाथ पटेल ने साइबर सुरक्षा और पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी, जिससे विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के सही प्रयोग और सावधानी पर चर्चा की।

### छात्रों को दी कॅरियर के नए विकल्प की जानकारी



इस अवसर पर विभिन्न नवाचार तकनीकों पर विशेष जानकारी साझा की गई, जिसमें छात्रों को कॅरियर के नए विकल्प व प्रतियोगी परीक्षाओं में असफल होने के पश्चात सुनिश्चित क्षेत्रों के लिए बेहतर मार्गदर्शन भी किया।

इस दौरान वक्ता टीके भोई ने यातायात सुरक्षा पर जोर देते हुए हेलमेट के उपयोग और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी। वक्ता अजय श्रीवास्तव ने महिला एवं बाल विकास के संदर्भ में ड्रग्स और डिजिटल ड्रग्स के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया। वहीं, सर्प व कुत्ते के काटने पर प्राथमिक उपचार व हार्ट अटैक से बचाव के उपाय समझाए।

## बाढ़ प्रभावितों के लिए गायत्री परिवार ने भेजी राहत सामग्री

**रायपुर।** बस्तर में बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए दैनिक उपयोग की सामग्री गायत्री परिवार बाढ़ आपदा विभाग द्वारा रायपुर से दंतेवाड़ा भेजी गई। वाहन को हरी झंडी दिखाने के लिए ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल, शक्तिपीठ के चिकित्सा विभाग प्रभारी ट्रस्टी दीनानाथ शर्मा की उपस्थिति रही। प्रभावितों को राहत सामग्री पहुंचाने की पहल आपसी तालमेल से किया गया। गायत्री परिवार के बाढ़ आपदा विभाग द्वारा सेवा का कार्य पूर्ण होगा।



### प्रभावितों की मदद के लिए जुटाएंगे सामग्री

ट्रस्टी आदर्श वर्मा, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, शैलेश वर्मा ने गायत्री परिवार द्वारा किस तरह से जरूरी सामग्री जुटाई और उनकी पैकिंग की गई, इसकी जानकारी देते हुए सभी के प्रयासों की सराहना की। गायत्री शक्तिपीठ के परिवर्जक और गायत्री परिवार के सदस्य भारी संख्या में इस अवसर पर मौजूद थे। गायत्री परिवार के आरके शुक्ला ने बताया कि आगे भी बाढ़ आपदा प्रभावितों के लिए सामग्री संकलन जारी रहेगा। इसके लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई है, जिनके मार्गदर्शन में सामग्री जुटाई और उनकी पैकिंग की जाएगी। इसके लिए गायत्री परिवार के सदस्य आपस में काम बांटकर सामग्री जुटा रहे हैं।

## भाद्रपद पूर्णिमा को लगेगा साल का अंतिम चंद्रग्रहण 3 घंटे 29 मिनट प्रभावी और दोपहर से सूतक

**रायपुर।** साल 2025 का अंतिम चंद्रग्रहण इस बार भाद्रपद पूर्णिमा यानी सात सितंबर को देशभर में प्रभावी रहेगा। रविवार को साल का दूसरा और आखिरी चन्द्र ग्रहण लगेगा, जो पूरे भारत में स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। ज्योतिष के लिहाज से यह ग्रहण अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह देशभर में प्रभाव डालेगा। ग्रहण लगने से 9 घंटे पूर्व ही सूतक लगने के साथ मंदिरों के पट बंद हो जाएंगे। किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन या पूजन करना ग्रहण की अवधि में निषेध रहेगा। मंदिरों के पुजारियों ने बताया कि घरों के मंदिरों को भी लाल वस्त्र से ढकने की परंपरा का पालन करना चाहिए। ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान और शुद्धिकरण करने की सलाह दी जाती है। पंडित मनोज शुक्ला बताते हैं कि यह चन्द्र ग्रहण रात 9 बजकर 57 मिनट से शुरू होकर रात एक बजकर 26 मिनट तक प्रभावी रहेगा। ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 29 मिनट होगी। इस दौरान चन्द्रमा का रंग लाल दिखाई देगा।



### नौ घंटे पहले ही प्रभावी होगा सूतक

सूतक काल के दौरान बालक, वृद्ध, रोगी और गर्भवती महिलाएं अन्न, जल ग्रहण कर सकती हैं, लेकिन ग्रहण के दौरान तीन घंटे सभी सावधानी बरतें। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि जिन राशियों में कष्ट लिखा है, वे सभी ग्रहण के दौरान देवी-देवताओं का मंत्रोच्चार करें, इससे ग्रहण का प्रभाव राशियों पर कम प्रभावी होगा। ज्योतिष नियमों के तहत ग्रहण से 9 घंटे पहले सूतक काल प्रभावी होता है। ऐसे में रविवार को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से ही सूतक प्रभावी हो जाएगा। इस दौरान धार्मिक कार्य, पूजा-पाठ और मंदिरों में प्रवेश वर्जित रहेगा।

### इन राशियों पर रहेगा ग्रहण का प्रभाव

महाराज ने बताया कि इस चन्द्र ग्रहण को धार्मिक लिहाज से अत्यधिक प्रभावशाली माना गया है। इस दौरान राशि को प्रभावित होने से बचाने के लिए ध्यान, मंत्र-जप और दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है। इन राशियों पर ग्रहण का प्रभाव रहेगा। इसमें मेष- लाभ, वृषभ- कार्य में रुकावट, मिथुन- कष्ट, कर्क- शब्दों से घात, सिंह-हानि, कन्या- शत्रुओं का नास, तुला- संतान संबंधी कष्ट, वृश्चिक- स्वयं को कष्ट, धनु- कार्य क्षेत्र में विजय, मकर- धन संबंधी नुकसान, कुंभ- स्वयं के शरीर को कष्ट, मीन- धन का नुकसान होने की संभावना रहेगी।

श्रीशिवरीनारायण मठ में डोल ग्यारस का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक श्रद्धा -भक्ति के साथ मनाया गया

# रथ पर विराजे भगवान श्रीहरि, श्रद्धालुओं ने भजन- कीर्तन के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** श्रीशिवरीनारायण मठ में डोल ग्यारस का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक श्रद्धा -भक्ति के साथ मनाया गया। श्री नर- नारायण मंदिर के सामने भगवान के लिए रथ को परंपरागत रूप से सजाया गया। सुसज्जित रथ पर भगवान श्रीहरि को विराजित करके भजन- कीर्तन के साथ शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण करते हुए महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर ले जाया गया। ग्राम खपरीडीह जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से आई हुई कीर्तन मंडली ने 'हे कृष्ण गोविंद, हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा' भजन से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न गलियों से होकर गुजरी, जहां श्रद्धालु अपने-अपने दरवाजे पर नारियल, फल-फूल, अगरबत्ती, माला आदि पूजन सामग्री से भगवान का स्वागत-दर्शन किए। एक माता चलने में असमर्थ रही, वह रास्ते के किनारे ही बैठ गई और महाराजजी को प्रणाम करना चाह रही थी। तब राजेश्री महन्तजी ने कहा- माताजी वहीं रुक जाइए, मैं स्वयं आ जाता हूं। उन्होंने उनके पास पहुंचकर आशीर्वाद प्रदान किया। यह दृश्य देखकर लोग काफी भावुक हो गए। शोभायात्रा में विशेष रूप से चित्रकूट, वृंदावन एवं अयोध्या से पधारे हुए संत-महात्माओं के अतिरिक्त हेमंत दुबे, निरंजन लाल अग्रवाल, योगेश शर्मा, नारायण खंडेलिया,राधेश्याम शर्मा, अशोक शर्मा, कमलेश सिंह, हर प्रसाद साहू, प्रमोद सिंह, देव कुमार पांडे, बृजभान सिंह, ज्ञानेश शर्मा, जगदीश यादव, खगेंद्र पांडे, खगेश वैष्णव, गेंदु राम आदित्य, प्रतीक शुक्ला, पुरेन्द्र सोनी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, अंकित दुबे सहित कई गणमान्य नागरिक एवं नगर निवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।



### नाव में बिठाकर भगवान को कराया जल विहार



विधिपूर्वक मंत्रोचार के साथ भगवान की पूजा -अर्चना की गई तथा उन्हें नाव में बिठाकर जल विहार करने के लिए महानदी के संगम तक ले जाया गया। जल क्रीड़ा के पश्चात भजन- कीर्तन करते हुए पुनः मठ मंदिर तक लाया गया।

### श्री हनुमान मंदिर एवं खंडेलिया परिवार की झांकी हुई शामिल

शोभायात्रा में श्री हनुमान मंदिर एवं खंडेलिया परिवार की भी भगवान श्रीहरि की झांकी शामिल हुई। ये झांकियां परंपरागत रूप से हर वर्ष शोभायात्रा में शामिल होती हैं। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने अपने संदेश में कहा कि -प्रत्येक माह में दो एकादशी होते हैं। सभी एकादशी भगवान की भक्ति एवं मोक्ष प्रदान करने वाली हैं। इन सभी एकादशी में भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी को जल झूलनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन साधकों को नदी -नालों या पवित्र स्थानों में स्नान करके भगवान की पूजा -अर्चना करनी चाहिए। उन्हें नैवेद्य अर्पित कर विधिवत व्रत का पालन करनी चाहिए। इससे भगवान प्रसन्न होते हैं एवं अपने भक्तों को मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। डोल ग्यारस के अवसर पर आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास, त्यागी जी महाराज एवं सभी अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थीगणों की भागीदारी रही।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ओणम महोत्सव में हुईं खेल प्रतियोगिताएं




**रायपुर।** रायपुर केरला समाजम द्वारा ओणम महोत्सव के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में फुटबॉल, रस्साकशी, शतरंज, कैरम और कुर्सी दौड़ शामिल थीं, वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में फैंसी ड्रेस, चित्रकला, नृत्य एवं गायन जैसी प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। प्रत्येक आयु वर्ग के लिए प्रतियोगिताएँ रखी गई थीं, जिससे सभी वर्गों के लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतियोगिताओं के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर रायपुर केरला समाजम की पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही। प्रतिभागियों एवं दर्शकों ने इस वर्ष के आयोजन को अत्यंत सफल और प्रेरणादायक बताते हुए इसकी सराहना की।

### संभावित खिलाड़ियों में श्रेयांस, सौमय, प्रतीक और विवेक का नाम

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने अंडर



16 एवं अंडर-19 वर्ग के संभावित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। ये खिलाड़ी कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित क्रिकेट के शिविर में भाग लेंगे। अंडर 16 वर्ग में श्रेयांश सिंह, सोमय साहू एवं प्रतीक और अंडर-19 वर्ग में विवेक कुमार एवं आदित्य यादव शामिल हैं। सभी खिलाड़ी शांति नगर स्थित नायडू क्रिकेट अकादमी में बीसीसीआई के लेवल 2 कोच, भूतपूर्व विजी ट्रॉफी प्लेयर एवं पूर्व में सीएससीएस की रणजी ट्रॉफी टीम के फील्डिंग कोच एवं प्रबंधक गजानंद नायडू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।


### शालेय टेटे बालिका में धरसींवा और बालक में महासमुंद ब्लॉक विजेता



**रायपुर।** संभाग स्तरीय शालेय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चौबे कालोनी रायपुर के टेनिस कोर्ट में बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमें 14. वर्ष 17 वर्ष 19 वर्ष बालिका वर्ग में धरसींवा ब्लाक विजेता बना। बालक वर्ग में महासमुंद विजेता रहा। चारों ब्लॉक से कुल 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन चयनित खिलाड़ियों में 14 वर्ष बालिका केसर बया और बुलबुल सोनी मायाराम सुरजन शासकीय कन्या शाला चौबे कालोनी रायपुर से, रिया और सिदरा सिद्दीकी महासमुंद पुष्पांजलि धमतरी से, 17 वर्ष बालिका राधिका पांडे और जी प्रियांशी रेडडी मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चौबे कालोनी रायपुर से, मुस्कान, ओमेश्वरी व गीतांजलि महासमुंद से, 19 वर्ष बालिका नंदिनी साहू और दिव्या साहु मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौबे कालोनी रायपुर से, टिकेशवरी महासमुंद से, अनीशा और मांशी बलौदा बाजार से, 19 वर्ष बालक बलदेव नायक और सुरेश राव धरसींवा ब्लाक से, नवीन यादव महफूज और गौतम महासमुंद से, 17 वर्ष बालक प्रेमराव राव रायपुर से, यश और ओमप्रकाश धमतरी से, केशव और याशीष महासमुंद से , 14 वर्ष बालक नूर सागर, अमन व ओजस महासमुंद से तथा तेजश देवांगन और समर साहू धमतरी से चयनित हुए।

### बीसीए की टीम हिस्सा लेगी अंडर-23 में, चयन 7 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ( बीसीए) के अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन( बीसीए) के खिलाड़ियों के चयन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन आगामी 7 सितंबर दिन रविवार को सुबह 9:00 बजे से कल्याण कॉलेज स्थित इंडोर पिच में किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वे आगामी 6 सितंबर शनिवार तक करा सकते हैं। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।



## बहुत ज्यादा उछलता-कूदता है आपका बच्चा तो इस रोग से हो सकता है पीड़ित

# किसी बच्चे में 'अतिसक्रियता' हो सकती है 'एडीएचडी' का प्रभाव, समस्या को पहचान कर कराईए उपचार

कुछ बच्चे घंटों तक रंग भरने या आधे दिन तक चुपचाप ब्लॉकों के साथ खेलने में संतुष्ट रहते हैं। वहीं कुछ बच्चे दो मिनट भी शांत नहीं बैठ पाते। ये एडीएचडी के लक्षण भी हो सकते हैं। 12 साल के रोहन की स्कूल से अक्सर शिकायत आती कि वह एक जगह टिक कर नहीं बैठता और टीचर का सवाल सुने बिना ही जवाब देने लगता है। रोहन के माता-पिता, दोनों ही नौकरी करते हैं, इसलिए वे उसे सही से समझ नहीं पा रहे। इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए रोहन की मां रीना ने वर्क फ्रॉम होम करना शुरू किया और अपने बेटे का व्यवहार अलग पाया। स्कूल से मिल रही शिकायतों को अब वह समझ पा रही थी। इसलिए जब वह रोहन को डॉक्टर के पास लेकर गई तो पता चला कि वह एडीएचडी से पीड़ित है।

### क्या है एडीएचडी

एडीएचडी यानी अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर। यह बच्चों को प्रभावित करने वाले सबसे आम मानसिक विकारों में से एक है। यह एक न्यूरो डेवलपमेंटल विकार है। इस बीमारी से पीड़ित बच्चे में ध्यान केंद्रित करने की कमी, अतिसक्रियता और आवेगशीलता के लक्षण पाए जाते हैं। अधिकतर यह कुछ बदलावों से बचपन में ही ठीक हो जाता है, लेकिन कभी-कभी बड़े होने तक भी सक्रिय रहती है। ऐसे में बच्चे के विकास के लिए इसका समय पर निदान और उचित प्रबंधन बहुत जरूरी है। एडीएचडी के मुख्य रूप से तीन प्रकार होते हैं- संयुक्त प्रस्तुति, अतिसक्रिय/आवेगपूर्ण प्रस्तुति और असावधान प्रस्तुति।

### कब होती है यह समस्या

एडीएचडी की समस्या अक्सर प्री-स्कूल या केजी तक के बच्चों में देखी जाती है। कुछ बच्चों में किशोरावस्था में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है, तो कई बार यह समस्या वयस्कों को भी परेशान करती



है। एडीएचडी से पीड़ित बच्चे में असावधानी और अतिसक्रियता, दोनों के लक्षण होते हैं। मसलन, बिना अनुमति के दूसरों का सामान ले लेना या उनके काम में बाधा डालना। साथ ही दूसरों की बात न सुनना, बस अपनी बातों को ऊपर रखना, बिना वजह चिल्लाना इनकी आदत बन जाता है।

### माता-पिता के लिए संकेत

बच्चा किसी भी कार्य पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता। हमेशा अत्यधिक ऊर्जा से भरा रहता है और शांत नहीं बैठ पाता। बच्चा अक्सर अपने काम को शुरू तो करता है, लेकिन उसे पूरा नहीं कर पाता। उदाहरण के लिए, वह खेलते समय एक खिलौने को छोड़कर दूसरे की ओर भागता है। बच्चा दूसरों के साथ खेलते समय समस्याएं दिखा सकता है, जैसे कि दोस्तों से झगड़ा करना, उनकी बात न सुनना या खेल के नियमों का पालन न करना।

### प्रबंधन और चिकित्सा उपचार

एडीएचडी का निदान एक योग्य चिकित्सक या मनोचिकित्सक ही कर सकता है। इसके लिए डॉक्टर परिवार का इतिहास, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान की जानकारी, बच्चे के शुरुआती विकास, शिक्षा, सामाजिक संबंध और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी लेते हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि समस्या आनुवांशिक तो नहीं है। फिर इसके जरिए उसे आत्मनियंत्रण और सकारात्मकता का गुण सिखाया जाता है, ताकि बच्चा सामाजिक और शैक्षिक समस्याओं का सामना कर पाने में समर्थ बने।

### सुरक्षित और समर्थित माहौल

मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान, दिल्ली में मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश कहते हैं, एडीएचडी का सही समय पर निदान और प्रबंधन बच्चों के शैक्षिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास में मदद कर करता है। बच्चे में एडीएचडी के लक्षण दिखाई देते हैं तो समय रहते विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें। सही उपचार और पारिवारिक सहयोग बच्चे के लिए बहुत जरूरी है।

एडीएचडी के प्रबंधन में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता को बच्चे के सकारात्मक पहलुओं को प्रोत्साहित करना चाहिए और उसके व्यवहार को समझने की कोशिश करनी चाहिए। स्थिर और समर्थनकारी वातावरण बनाना बच्चे के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षकों को बच्चों के लिए संरचित और शांत वातावरण बनाना चाहिए, जहां बच्चा सुरक्षित महसूस करे।



# घर पर आसान विधि से बनाएं जूस, बड़ों के साथ बच्चे भी मागेंगे दोबारा

अगर आप घर पर कुछ हेल्दी और स्वादिष्ट पेय पदार्थ बनाना चाहते हैं तो चुकंदर का जूस बनाकर खुद भी सकते हैं और अपने परिवारवालों को भी पिला सकते हैं। सिर्फ चुकंदर का जूस पीने में काफी अजीब लगता है, ऐसे में हम आपको अलग तरह से जूस बनाने का तरीका बताएंगे।

**विधिः** चुकंदर का जूस बनाने के लिए सबसे पहले चुकंदर, गाजर और सेब को धोकर छील लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अगर आप अदरक का उपयोग कर रहे हैं तो उसे भी छीलकर छोटे टुकड़ों में काट लें। अदरक का इस्तेमाल पूरी तरह से आप पर



निर्भर करता है। अब जूसर में कटे हुए चुकंदर, गाजर, सेब और अदरक डालें। यदि आप चाहें तो थोड़ा पानी भी मिला सकते हैं ताकि जूस थोड़ा पतला हो सके। वरना बिना पानी के भी जूस तैयार कर सकते हैं। अब जूसर को चालू करें और सभी सामग्री का रस निकालें। इसे निकालकर छलनी की मदद से छान लें। ताकि बीच-बीच में किसी भी चीज के तिनके स्वाद को खराब न करें। अब जब जूस तैयार हो जाए, तो उसमें आधा नींबू का रस मिलाएं। नींबू के रस के अलावा इस जूस में स्वादानुसार थोड़ा सा नमक मिला सकते हैं। बस आपका ये स्वादिष्ट और पौष्टिक जूस तैयार है। इसे अपने परिवारवालों को परोसें और खुद भी पिएं।



# योग करते समय भूल से भी न करें ऐसी गलतियां

योग के कई फायदे होते हैं, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करते हैं। सही तरीके से किए गए योगाभ्यास से हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है। वजन पर नियंत्रण, लचीलापन और ताकत आती है। वहीं मानसिक समस्याओं जैसे तनाव और चिंता, नींद की समस्या में भी सुधार होता है। योग इम्यूनिटी को मजबूत करता है और कई रोगों से दूर रखता है। हालांकि सेहत के लिए इतना असरदार होने के बावजूद क्या आप जानते हैं कि योग करते समय की गई छोटी-छोटी गलतियां फायदे की बजाय नुकसान पहुंचा सकती है। योगासन के दौरान उन सामान्य गलतियों से बचें जो स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकती है।

### गंदा योगा मैट

अक्सर लोग योग क्रिया पर ध्यान देते हैं लेकिन आसपास के वातावरण पर ध्यान नहीं देते। जिस योगा मैट पर बैठकर आप अभ्यास करते हैं, वह अक्सर सस्ता और गंदा हो सकता है। सस्ते योगा मैट फिसलने लगते हैं, जिससे चोट लगने का खतरा रहता है। वहीं गंदा योगा मैट कई रोगों का कारक बन सकता है।

### कलाई पर ज्यादा भार

योग करते समय अपनी हाथों की कलाइयों पर अतिरिक्त वजन नहीं डालना चाहिए। एक ही मुद्रा में बहुत देर तक बने रहने से पहले कलाइयों को मजबूत करने पर फोकस करें। ऐसे योगासनों के अभ्यास से बचें, जिससे आपका शरीर अस्थिर होने लगे या सारा भार कलाइयों पर आता हो।

### वार्म अप न करना

योग करने से पहले वार्म अप करना चाहिए। कई लोग सीधे कठिन आसनों का अभ्यास करने लगते हैं, जिसे मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द हो सकता है। वार्मअप से शरीर लचीला होता है और मांसपेशियां योग के लिए तैयार होती हैं।

### जल्दबाजी करना

अक्सर लोग कई योग करने के चक्कर में जल्दी जल्दी आसन बदलते हैं या शरीर को बिना तैयार किए कठिन आसनों का अभ्यास करते हैं। जल्दबाजी में चोट लग सकती है।

### सांसों पर ध्यान न देना

योगाभ्यास में सांसों का सही संतुलन महत्वपूर्ण होता है। कई बार लोग योग करते समय सांस रोक लेते हैं या अनियमित तरीके से सांस लेते हैं, जिससे योग का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। प्राणायाम और आसनों के दौरान सांस लेने और छोड़ने के सही तरीके पर ध्यान देना चाहिए।
























शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार क्रय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।



शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।






## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'जैक स्पैरो' के किरदार में जॉनी की वापसी की चर्चा, अपडेट दिया डायरेक्टर ने



जॉनी डेप एक बार फिर 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' में कैप्टन जैक स्पैरो की भूमिका निभा सकते हैं। डिज्नी से अलगाव के बावजूद, प्रड्यूसर जेरी ब्रुकहाइमर ने हिंट दिया है कि डेप को फिल्म में लेने के लिए उत्साहित हैं और उन्होंने डेप के साथ इस बारे में बातचीत भी की है। इसी के साथ हेनरी कैविल के नाम पर विराम लगता दिख रहा है। 'कैप्टन जैक स्पैरो' की भूमिका को लेकर जहां खबरें थी कि इस किरदार के लिए अब किसी नए सुपरस्टार की तलाश हो रही है, वहीं इसे लेकर अब ताजा अपडेट है। दरअसल प्रड्यूसर जेरी ब्रुकहाइमर ने हिंट दिया है कि जॉनी डेप ही एक बार फिर से कैप्टन जैक स्पैरो की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। फेमस हॉलीवुड फ्रेंचाइजी फिल्म 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' की पांचवीं सीरीज 'डेड मेन टेल नो टेल्स' को रिलीज हुए तकरीबन 8 साल गुजर गए हैं। प्रड्यूसर जेरी ब्रुकहाइमर ने अब इसे लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। डेप ने साल 2003 में 'द कर्स ऑफ द ब्लैक पर्ल' में पहली बार जैक स्पैरो की भूमिका निभाई थी। इसके बाद साल 2006 में 'डेड मैन्स चेस्ट', 2007 में 'एट वर्ल्ड्स एंड', 2011 में 'ऑन स्ट्रेंजर टाइड्स' और 2017 में 'डेड मेन टेल नो टेल्स' में अपना यही फेमस किरदार निभा चुके हैं। ब्रुकहाइमर ने अपने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने और डेप ने छठी सीरीज में उनके फेमस किरदार को लेकर बातचीत की है। प्रड्यूसर ने कहा कि डिज़्नी भले एक्टर से अलगाव कर चुका हो लेकिन वो 'सिटी ऑफ लाइज' स्टार को फिल्म में लेने के लिए एक्साइटेड हैं। याद दिला दें कि एम्बर हर्ड के साथ चल रहे घरेलू आरोप से जुड़े मुकदमे के दौरान एक्टर ने ये मान लिया था कि डिज़्नी ने उनसे नाता तोड़ लिया होगा।

### टॉलीवुड

## मुरुगदास की फिल्म 'दिल मद्रासी' का ट्रेलर रिलीज, जबरदस्त एक्शन करते दिखए शिव



'गजनी' और 'सिकंदर' जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले निर्देशक एआर मुरुगदास अब एक नई फिल्म 'दिल मद्रासी' लेकर आ रहे हैं। ये एक्शन पैक्ड फिल्म होगी। इस फिल्म में अभिनेता शिवकार्तिकेयन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

'दिल मद्रासी' का ट्रेलर जबरदस्त एक्शन से भरा हुआ है। इसमें एक्शन, इमोशन के साथ कमाल का बैकग्राउंड म्यूजिक भी सुनाई दे रहा है, जो इस ट्रेलर को और भी रोचक बनाता है। ट्रेलर में शिवकार्तिकेयन दमदार एक्शन सीन करते नजर आ रहे हैं, जिससे ये साबित होता है कि फिल्म एक्शन-थ्रिलर से भरपूर होने वाली है। फिल्म में दिग्गज संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत है, जो इस फिल्म को और भी खास बनाता है। फिल्म का ट्रेलर देखकर दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'दिल मद्रासी' के जरिए शिवकार्तिकेयन पहली बार एआर मुरुगदास की किसी फिल्म में नजर आएंगे। दोनों के पहली बार साथ आने से दर्शक इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। फिल्म का निर्माण श्री लक्ष्मी मूवीज के बैनर तले किया गया है। अब एक्शन से भरपूर ये ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस इस फिल्म को देखने के लिए और उत्साहित हो गए हैं। एआर मुरुगदास द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शिनकार्तिकेयन के अलावा रुक्मिणी वासंथ के साथ विद्युत जमवाल, बिजू मेनन, शबीर और विक्रांत सरीखे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। दर्शक इस फिल्म को 5 सिंतबर को देखने के लिए उत्साहित हैं।

### भोजपुरी

## मनोज के नए गाने 'जब से चढ़ल बा जवानी' ने मचाई धूम, 2 दिन में 25 लाख व्यूज मिले



मनोज तिवारी का नया भोजपुरी गाना 'जबसे चढ़ल बा जवानी' रिलीज हुआ है और दो दिन में ही यूट्यूब पर छा गया है। साथ ही साथ म्यूजिक ट्रेंड में 19वें नंबर पर ट्रेंड हो रहा है। इस गाने को दो दिन में ही 25 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। मनोज तिवारी सिर्फ पॉलिटिशियन ही नहीं, भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के फेमस एक्टर और सिंगर भी रहे हैं। उनका नया गाना 'जबसे चढ़ल बा जवानी' यूट्यूब पर धूम मचा रहा है। मनोज तिवारी ने इस गाने को आवाज दी है। डायरेक्शन और कोरियोग्राफी मुद्दसर खान की है। गाना 26 अगस्त को रिलीज हुआ है और दो दिन में ही इसे 2,589,959 व्यूज मिल चुके हैं। ये गाना म्यूजिक ट्रेंडिंग चार्ट पर 19वें नंबर पर ट्रेंड कर रहा है।इस गाने पर फैंस खूब रिएक्ट कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'पुराने खिलाड़ी आ गए मैदान में।' दूसरे ने लिखा, 'शेर बूढ़ा हो सकता है, मगर शिकार करना कभी नहीं भूल सकता... मनोज तिवारी वही शेर हैं भोजपुरी गायकी के।' एक और ने लिखा, 'बीट भले ही पुराना हो, लेकिन वाइब आज भी किलर है।' उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जन्में मनोज ने साल 2003 में 'ससुरा बड़ा पैसावाला' फिल्म में काम किया है। उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में 'जिया हो बिहार के लाला' गाना गाया, जो जबरदस्त हिट हुआ। वो फिल्मों के अलावा टीवी पर भी काम कर चुके हैं। रिएलिटी शो 'बिग बॉस 4' में भी नजर आ चुके हैं। मनोज की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने साल 1999 में रानी तिवारी से शादी की थी। इनकी एक बेटी भी है।

## मोरपंखी अदा

"

हाउते कॉउचर फ़ैशन वीक में इस बार चार दिनों में लगभग तीस शो लंदन में हुए। इस नए सीजन ने कई लुभावने डिज़ाइन पेश किए। मोरपंख सी ब्राइडल गाउन को यहां खास तवज्जो मिली। इस ड्रेस ने उल्लेखनीय शिल्प कौशल का प्रदर्शन किया और कलात्मक निर्देशकों की असीम रचनात्मकता के लिए एक जगह बनाई।




## ग्लोइंग त्वचा के लिए इस्तेमाल करें दूध से बनें ये फेस मास्क



अगर आप इंस्टेंट ग्लोइंग त्वचा पाना चाहती हैं तो दूध से बने फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। दरअसल, कच्चे दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन की समस्याओं को आसानी से दूर करता हैं। घरेलू फेस मास्क तैयार करने के लिए आपको ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे।

### दूध और शहद फेस मास्क

दूध से पहला फेस मास्क बनाने के लिए एक कटोरी में 2 टेबलस्पून दूध और 1 टेबलस्पून शहद मिक्स करें। अब इन दोनों चीजों को एक साथ अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। आखिर में गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

### दूध और हल्दी फेस मास्क

इस मास्क को तैयार करने के लिए एक कटोरी में 2 टेबलस्पून दूध में 1 चुटकी हल्दी मिक्स करें। अब इसे अपने चेहरे से लेकर गर्दन तक पर लगाएं। 15 मिनट के बाद अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इससे भी आपका चेहरा खिल उठेगा।

### दूध और बेसन फेस मास्क


ये मास्क बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए 2 टेबलस्पून दूध में 1 टेबलस्पून बेसन मिक्स करके इसका पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर इसे 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। कुछ देर के बाद चेहरे को पानी से धो लें।

### दूध और आलू का रस फेस मास्क

दूध के साथ-साथ आलू के रस में भी कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक हैं। इसका मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले 2 टेबलस्पून दूध में 2 टेबलस्पून आलू का रस मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर लगाकर आधे घंटे के बाद चेहरे को धो लें।

## लैटे मेकअप में परफेक्ट लुक पाने के लिए इन टिप्स को जरूर करें फॉलो





मेकअप ट्रेन्ड समय के साथ हमेशा ही बदलते रहते हैं। पिछले कुछ समय से लैटे मेकअप काफी चलन में है। यह मेकअप आपको एक नेचुरल, सॉफ्ट और वार्म अपीयरेंस देता है। यह मेकअप कॉफी से इंस्पायर्ड है और इसमें ब्राउन के डिफरेंट शेड्स को शामिल किया जाता है। इन दिनों हर कोई लैटे मेकअप करना पसंद कर रहा है, लेकिन फिर भी हर कोई परफेक्ट लुक क्रिएट नहीं कर पाता है। परफेक्ट लुक पाने के लिए कुछ छोटे-छोटे टिप्स फॉलो करना जरूरी होता है।

### स्किन क्लीनिंग है जरूरी



लैटे मेकअप में नेचुरल फिनिश लुक क्रिएट किया जाता है और यह केवल तभी संभव है, जब आप मेकअप से पहले अपनी स्किन को तैयार करें। लैटे मेकअप की शुरुआत करने से पहले आप एक बार अपनी स्किन को अच्छी तरह क्लीन करें और फिर उसे मॉइश्चराइज करें। स्किन को हाइड्रेट करने से मेकअप अधिक स्मूथ और फिनिश लुक देता है।

### लाइट हो फाउंडेशन

चूंकि लैटे मेकअप में नेचुरल और सन किस्ड लुक क्रिएट करने की कोशिश की जाती है, इसलिए हमेशा ध्यान रखें कि आप लाइट फाउंडेशन ही करें। आप बेस के लिए बीबी क्रीम या फिर स्किन टिंट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो फेस पर मॉइश्चराइजर लगाकर उसे लूज पाउडर से डैब कर सकती हैं।

### लाइनर व कंटूरिंग को करें अवॉयड

लैटे मेकअप करने में आपको बहुत अधिक समय नहीं लगता है। जब आप लैटे मेकअप कर रही हैं तो ऐसे में आप लाइनर को अवॉयड कर सकती हैं। इसके स्थान पर आप ब्राउन शेड पेंसिल को लैशलाइन के ऊपर लगाएं और फिर उसे हल्का सा स्मज कर दें।

## घर बैठे गालों को करना है गुलाबी तो अपनाएं कुछ घरेलू नुस्खे

कुछ घरेलू नुस्खे इस्तेमाल कर आप दमकती त्वचा पा सकती हैं। खास बात ये है कि इन नुस्खो को ट्राई करने के लिए आपको न तो ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है और न ही ज्यादा पैसे खर्च करने की।

### चुकंदर का रस

चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए चुकंदर का रस काफी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले चुकंदर का रस निकालकर उसे अपने गालों पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से गालों पर गुलाबी रंगत आ सकती है।

### गुलाब जल और ग्लिसरीन

ये दोनों चीजें आपकी त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करेंगी। इसके लिए गुलाब जल और ग्लिसरीन को मिलाकर रात में सोने से पहले गालों पर लगाएं। यह मिश्रण आपकी त्वचा को नमी प्रदान करेगा और गालों को चमकदार बनाएगा।



### एलोवेरा जेल

ताजे एलोवेरा जेल को गालों पर 10-15 मिनट तक मसाज करें और फिर धो लें। ये त्वचा की कई परेशानियों से राहत दिलाता है।

टमाटर का रस

त्वचा को चमकदार बनाए रखने के लिए ताजे टमाटर का रस गालों पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद धो लें। ये त्वचा से टैनिंग को भी दूर भगाता है।

## पायल लीजिए खास मौके के लिए

त्योहार खासतौर पर महिलाओं के लिए ही होते है, ऐसे में उनका सजना-संवरना तो बनता है। सुहागिन महिलाओं के पैरों में बिछिया के साथ-साथ पायल भी खूबसूरत लगती है। अगर आप अपने लिए नई पायल खरीदना चाहती हैं तो पहले जान लें कि आजकल ट्रेंड में क्या है ?

### पहली डिजाइन

बहुत से लोग वजन देखकर पायल खरीदते हैं। ऐसे में ये डिजाइन काफी सही रहेगी। आप चाहें तो ऐसी सिल्वर पायल का चयन कर सकती हैं। इस पर जो लाल और हरे कुंदन जड़े हैं, उसकी वजह से इसका लुक प्यारा दिख रहा है।

### दूसरी डिजाइन

आजकल इस तरह की डिजाइन काफी ट्रेंड में है। आपने ज्यादातर नई दुल्हनों को इस तरह की पायल पहनें देखा होगा। इस पायल में डोली बनी है, जो कि शादी के समय दिखाई देती है। ऐसे में आप भी इस डिजाइन का चयन कर सकती हैं।

### तीसरी डिजाइन

ऐसी मल्टी लेयर पायल आपकी खूबसूरती में चार चांद



लगाने का काम करेगी। अगर पैरों में भरी-भरी पायल पहनना चाहती हैं तो इस डिजाइन का चयन करें। ये आपके लुक को प्यारा दिखाने में मदद करेगी।

### चौथी डिजाइन

अगर सोने की पायल  लेने का सोच रहीं हैं तो ये डिजाइन एक बेहतर विकल्प है। इस पायल में मोतियों के साथ पर्ल लगा है, जिसकी वजह से इसका लुक ज्यादा खूबसूरत लग रहा है। ऐसे में आप भी इस तरह की पायल भी खरीद सकती हैं।

### पांचवीं डिजाइन

अगर पहली बार हरतालिका का व्रत रख रहीं हैं तो इस तरह की चांदी की पायल खरीदें। नई दुल्हनों पर ऐसी पायल काफी जचती है। ऐसे में आप बिना झिझके आप इस तरह की पायल अपने खरीद सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### बालों की सुंदरता बढ़ती है जरूरी एक्सेसरीज के इस्तेमाल से

## हेयर एक्सेसरीज से निखारिए अपना व्यक्तित्व लुक बदलने के साथ बाल भी दिखने लगेंगे सुंदर

बाल आपकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं और आपके पूरे व्यक्तित्व को निखार कर सामने लाते हैं। ऐसे में हेयर एक्सेसरीज आपके लुक को एक नया आयाम दे सकती है और बालों को सुंदरता के साथ सजाने में मदद कर सकती है।

पर्ल जालः यह एक्सेसरीज बन हेयर स्टाइल के साथ इस्तेमाल की जाती है, जो बेहद खूबसूरत और रॉयल लुक देती है। यह पर्ल (मोती) के साथ जाल की तरह सजाई जाती है, जो आपके बालों को एक एलिगेंट और क्लासिक लुक देती है। पर्ल जाल हेयर एक्सेसरीज खासतौर पर विशेष अवसरों, जैसे कि शादी या पार्टी के लिए उपयुक्त है। यह आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगी।







**पर्ल हेयर बैंडः** पर्ल से सजाए गए हेयर बैंड्स बालों को एक गॉर्जियस लुक देते हैं। पर्ल बैंड्स खासतौर पर पार्टी या फॉर्मल इवेंट्स के लिए आदर्श होते हैं, लेकिन आप इनका इस्तेमाल डेली यूज में भी कर सकती हैं, जो आपको एक आकर्षक-सा लुक देने में मदद करेंगे। यह भी आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे।

**नॉट हेयर बैंड :** ये हेयर बैंड नॉट डिजाइन के साथ आते हैं, जो आपको एक स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक देते हैं। आजकल ये महिलाओं खासकर, लड़कियों की खास पसंद बने हुए हैं। नॉट हेयर बैंड्स बालों को सुसज्जित और व्यवस्थित रखने के साथ-साथ आपके आउटफिट को भी आकर्षक बनाते हैं। ये कैजुअल लुक के लिए भी उपयुक्त हैं, हालांकि इनको इस्तेमाल करना उतना आसान नहीं है, इसलिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ती है।

**हेयर क्लिप विद फ्लॉवरः** इसमें आपके बाल क्लिप फ्लॉवर डिजाइन के साथ होते हैं, जो बालों में सजावट करने उसे खूबसूरत और आकर्षित दिखाने का एक तरीका है। फ्लॉवर के साथ हेयर क्लिप का यह स्टाइल आपके बालों को सुंदर और नरम लुक देने का काम करता है। यह क्लिप आमतौर पर किसी छोटे-मोटे समारोह के लिए उपयुक्त हैं और आपके लुक को खास बनाते हैं। लेकिन जरूरी है कि आप ऐसे फ्लॉवर का चयन करें, जो आपको क्लासी और खूबसूरत लुक प्रदान करें। बाजार में ये भी आपको आसानी से मिल जाएंगे।